# DSSSB Exam July 2025

| | |
|---|---|
| Test Date | 23/07/2025 |
| Test Time | 2:00 PM - 5:00 PM |
| Subject | PGT Biology |

Section : **Mental Ability and Reasoning Ability**

**Q.1** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✗ 1. KO-JN
- ✗ 2. NR-MQ
- ✓ 3. QU-PV
- ✗ 4. GK-FJ

**Q.2** दिए गए अक्षर-समूहों में से किसके द्वारा $ और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

**# : WJH :: YSL : &**

**Ans**
- ✗ 1. # = AKL, & = STK
- ✗ 2. # = ZOS, & = VKI
- ✓ 3. # = ZOK, & = VNI
- ✗ 4. # = AOS, & = SNI

**Q.3** निम्नलिखित शृंखला में केवल एक अक्षर-समूह गलत है। गलत अक्षर-समूह का चयन कीजिए।

**NKR OLS PMT QNU ROV SPX**

**Ans**
- ✗ 1. ROV
- ✗ 2. PMT
- ✓ 3. SPX
- ✗ 4. QNU

**Q.4** P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा, सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है।
Q की परीक्षा के बाद केवल V की परीक्षा होती है। Q और R की परीक्षा के बीच केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा होती है। U की परीक्षा, R की परीक्षा से ठीक पहले होती है। T की परीक्षा, S की परीक्षा के बाद किसी एक दिन, लेकिन P की परीक्षा से पहले किसी एक दिन होती है।
S और V के बीच कितने व्यक्तियों की परीक्षा होती है?

**Ans**
- ✗ 1. दो
- ✗ 2. चार
- ✓ 3. तीन
- ✗ 4. एक

**Q.5** निम्नलिखित शृंखला में केवल एक अक्षर-समूह गलत है। गलत अक्षर-समूह का चयन कीजिए।

**PVB TZF XDJ BHN FLR JPU**

**Ans**
- ✗ 1. FLR
- ✗ 2. TZF
- ✗ 3. BHN
- ✓ 4. JPU

Q.6 यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

HIN JOB LED KOB

यदि प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाए और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में कोई स्वर नहीं आएगा?

Ans
✗ 1. चार
✓ 2. दो
✗ 3. एक
✗ 4. तीन

Q.7 यदि '+' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

44 + 11 ÷ 6 − 1 × 3 = ?

Ans
✓ 1. 7
✗ 2. 10
✗ 3. 6
✗ 4. 5

Q.8 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी जूते, घड़ियाँ हैं।
कुछ जूते, टाई हैं।
कुछ टाई, ब्रेसलेट हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ घड़ियाँ, टाई हैं।
(II) कुछ जूते, ब्रेसलेट हैं।

Ans
✗ 1. न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है।
✓ 2. केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
✗ 3. केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
✗ 4. निष्कर्ष I और II, दोनों अनुसरण करते हैं।

Q.9 इस प्रश्न में, एक कथन और उसके बाद दो अभिधारणाएं, क्रमांक I और II दी गई हैं। आपको कथन में दी गई सभी बातों को सत्य मानना है और तय करना है कि कथन में दी गई सभी अभिधारणाओं में से कौन-सी मान्य है?

कथन:
'मैं अपने घरेलू सामान बेचना चाहती हूँ, इसलिए मैं सभी सामानों की तस्वीरें आपकी ईमेल आईडी पर भेज दूँगी।' – सोनाली ने बेंद्रे से कहा।

अभिधारणाएं:
I. बेंद्रे, सोनाली के घरेलू सामान के लिए अच्छी कीमत दे सकती है।
II. बेंद्रे, सोनाली के घरेलू सामान की बिक्री में सहायता कर रही है।

Ans
✗ 1. केवल अभिधारणा I मान्य है।
✗ 2. I और II, दोनों अभिधारणाएं मान्य हैं।
✗ 3. केवल अभिधारणा II मान्य है।
✓ 4. न तो अभिधारणा I और न ही II मान्य है।

Q.10 आठ व्यक्ति दो समानांतर पंक्तियों में, प्रत्येक में 4-4 व्यक्ति, इस प्रकार बैठे हैं कि आसन्न व्यक्तियों के बीच समान दूरी है।
पंक्ति 1 में A, R, M और Y, दक्षिण की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
पंक्ति 2 में I, N, K और S, उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
इस प्रकार, प्रत्येक व्यक्ति दूसरी पंक्ति के किसी अन्य व्यक्ति के सम्मुख बैठा है।
S, N के दाईं ओर ठीक पड़ोस में बैठा है। R और Y के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। N, R के सम्मुख बैठा है। M के सम्मुख बैठा व्यक्ति, K के बाईं ओर ठीक पड़ोस में बैठा है। I किसी भी छोर पर नहीं बैठा है।
निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, एक-दूसरे के सम्मुख बैठे दोनों व्यक्तियों को निरूपित करता है?

Ans
✗ 1. N और A
✓ 2. M और I
✗ 3. R और K
✗ 4. Y और N

Q.11 P, Q, R, S, E और F एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे नीचे वाले तल का क्रमांक 1 है, उसके ठीक ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपर वाले तल का क्रमांक 6 है।
Q सम क्रमांक वाले तल पर रहता है, लेकिन तल क्रमांक 4 पर नहीं रहता है। Q और E के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं।
R विषम क्रमांक वाले तल पर रहता है, लेकिन सबसे निचले तल पर नहीं रहता है। R और P के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। S, R के ठीक नीचे वाले तल पर रहता है।
F और S के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
- ✔ 1. दो
- ✘ 2. एक
- ✘ 3. चार
- ✘ 4. तीन

Q.12 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✘ 1. IN-JO
- ✘ 2. FK-GL
- ✘ 3. QV-RW
- ✔ 4. MR-NT

Q.13 उस विकल्प का चयन कीजिए, जो तीसरी संख्या से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरी संख्या, पहली संख्या से संबंधित है और छठी संख्या, पांचवीं संख्या से संबंधित है।

22 : 4 :: 96 : ? :: 76 : 42

Ans
- ✔ 1. 54
- ✘ 2. 88
- ✘ 3. 64
- ✘ 4. 58

Q.14 यदि 'Q' का अर्थ '÷' है, 'C' का अर्थ '×' है, 'A' का अर्थ '+' है और 'P' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

17 C 6 P 339 Q 3 A 2 C 19 = ?

Ans
- ✘ 1. 47
- ✘ 2. 29
- ✘ 3. 56
- ✔ 4. 27

Q.15 एक निश्चित कूट भाषा में,
'A + B' का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
'A – B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',
'A $ B' का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
'A % B' का अर्थ है कि 'A, B की बहन है' और
'A # B' का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'।

निम्नलिखित में से किसका अर्थ है कि P, Z के पति की बहन है?

Ans
- ✘ 1. P + D % T $ Z
- ✘ 2. P $ V # T − Z
- ✔ 3. P % S − V # Z
- ✘ 4. P # R $ S + Z

Q.16 निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

188 , 176 , 165 , 155 , 146 ?

Ans
- ✔ 1. 138
- ✘ 2. 132
- ✘ 3. 126
- ✘ 4. 120

Q.17 यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

MAX MOP NIP OIL

यदि प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाए और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में कोई स्वर नहीं आएगा?

Ans
- ✔ 1. दो
- ✘ 2. चार
- ✘ 3. तीन
- ✘ 4. एक

Q.18 निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएं करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। X और Y को किन संख्याओं द्वारा प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए, ताकि :: के बाईं ओर की दो संख्याओं द्वारा अनुसरण किया गया पैटर्न, :: के दाईं ओर की दो संख्याओं द्वारा अनुसरण किए गए पैटर्न के समान हो?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं, पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 में जोड़ना/में से घटाना/के साथ गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

X : 80 :: 12 : Y

Ans
- ✘ 1. X = 9, Y = 100
- ✔ 2. X = 9, Y = 110
- ✘ 3. X = 10, Y = 100
- ✘ 4. X = 10, Y = 110

Q.19 दिलीप, बिंदु A से ड्राइव करना प्रारंभ करता है और पश्चिम की ओर 4 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करके बिंदु B पर पहुँच जाता है। तुहिन, बिंदु A के दक्षिण में 2 km दूर स्थित बिंदु X से ड्राइव करना प्रारंभ करता है और पूर्व की ओर 6 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 3 km ड्राइव करके बिंदु Y पर पहुँच जाता है। बिंदु B और बिंदु Y के बीच न्यूनतम दूरी कितनी है? (सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
- ✘ 1. 7 km
- ✔ 2. 10 km
- ✘ 3. 8 km
- ✘ 4. 6 km

Q.20 एक निश्चित कूट में,
'taken care of what' को 'gf gh jh jk' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है,
'i he you said' को 'lk ki df ok' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है,
'have you taken care' को 'sd df gf gh' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और
'taken what and he' को 'gf jk op ki' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है।
(सभी कूट केवल दो अक्षर वाले कूट हैं।)

'i' के लिए संभावित कूट क्या है?

Ans
- ✘ 1. या तो 'df' या 'ki'
- ✔ 2. या तो 'ok' या 'lk'
- ✘ 3. या तो 'ki' या 'ok'
- ✘ 4. या तो 'ok' या 'df'

Section : **General Awareness**

Q.1 निम्नलिखित नदियों को उनके उद्गम राज्य के साथ सुमेलित कीजिए:

a) गंगा i) कर्नाटक
b) कृष्णा ii) उत्तराखंड
c) चंबल iii) महाराष्ट्र
d) कावेरी iv) मध्य प्रदेश

Ans
- ✘ 1. a - iv, b - i, c - iii, d - ii
- ✘ 2. a - i, b - ii, c - iii, d - iv
- ✘ 3. a - iv, b - iii, c - i, d - ii
- ✔ 4. a - ii, b - iii, c - iv, d - i

Q.2 निम्नलिखित में से कौन, सरकार के प्रमुख के रूप में कार्य करता है और मंत्रिपरिषद के साथ, संसद के प्रति सामूहिक रूप से उत्तरदायी होता है?

Ans
- ✔ 1. प्रधानमंत्री
- ✘ 2. सभापति
- ✘ 3. भारत के मुख्य न्यायाधीश
- ✘ 4. भारत के राष्ट्रपति

Q.3 2011 की जनगणना के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा भारत का सबसे कम साक्षर केंद्र शासित प्रदेश था?

Ans
- ✘ 1. अंडमान और निकोबार
- ✔ 2. दादरा और नगर हवेली
- ✘ 3. दमन और दीव
- ✘ 4. पुडुचेरी

Q.4 अर्थव्यवस्था में कारक भुगतान किससे उत्पन्न होता है?

Ans
- ✘ 1. उपभोक्ता अधिशेष
- ✔ 2. उत्पादन प्रक्रम
- ✘ 3. उत्पादक अधिशेष
- ✘ 4. उपभोग प्रक्रम

Q.5 मेंडल ने, _____ के आधार पर स्वतंत्र अपव्यूहन का नियम प्रस्तावित किया था।

Ans
- ✘ 1. एलील्स (alleles)
- ✘ 2. एकसंकर संकरण (monohybrid crosses)
- ✘ 3. जीन (genes)
- ✔ 4. द्विसंकर संकरण (dihybrid crosses)

Q.6 भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में, सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार का प्रावधान है?

Ans
- ✔ 1. अनुच्छेद 326
- ✘ 2. अनुच्छेद 368
- ✘ 3. अनुच्छेद 358
- ✘ 4. अनुच्छेद 338

Q.7 निम्नलिखित में से कौन-सा खाना पकाने का मुख्य ईंधन है, जो गरीबों द्वारा उपयोग किए जाने के लिए आसानी से उपलब्ध है?

Ans
- ✘ 1. काष्ठ ईंधन और गैस सिलेंडर
- ✘ 2. गैस सिलेंडर और विद्युत
- ✔ 3. काष्ठ ईंधन और उपले
- ✘ 4. गैस सिलेंडर और मिट्टी का तेल

Q.8 निम्नलिखित में से किसने, लिच्छवि राजकुमारी कुमार देवी से विवाह किया था?

Ans
- ✘ 1. चंद्रगुप्त II
- ✔ 2. चंद्रगुप्त I
- ✘ 3. कुमारगुप्त
- ✘ 4. समुद्रगुप्त

Q.9 भारतीय संविधान के अनुच्छेद 322 में निम्नलिखित में से कौन-सा प्रावधान किया गया है?

Ans
- ✔ 1. लोक सेवा आयोगों के व्यय
- ✘ 2. आयोग के सदस्यों और कर्मचारियों की सेवा की शर्तों के संबंध में विनियम बनाने की शक्ति
- ✘ 3. लोक सेवा आयोगों की रिपोर्ट
- ✘ 4. लोक सेवा आयोगों के कार्यों का विस्तार करने की शक्ति

Q.10 भगवान शिव और देवी पार्वती की पूजा का पर्व 'गणगौर' किस राज्य में मनाया जाता है?

Ans
- ✘ 1. केरल
- ✘ 2. आंध्र प्रदेश
- ✘ 3. तमिलनाडु
- ✔ 4. राजस्थान

**Q.11** निम्नलिखित में से क्या, खाद्य पदार्थों को दूषित करने वाली अभिक्रिया का विशिष्ट नाम है?

**Ans**
- ✗ 1. समावयवन (Isomerization)
- ✗ 2. हाइड्रोजनन (Hydrogenation)
- ✗ 3. संघनन (Condensation)
- ✓ 4. ऑक्सीकरणी विकृतिगंधिता (Oxidative rancidity)

**Q.12** संवैधानिक सुधारों के लिए भेजे गए निम्नलिखित में से किस मिशन ने भारत को 'डोमिनियन स्टेटस (Dominion Status)' की पेशकश की थी?

**Ans**
- ✓ 1. क्रिप्स मिशन
- ✗ 2. भारतीय वैधानिक मिशन
- ✗ 3. कैबिनेट मिशन
- ✗ 4. चेम्सफोर्ड मिशन

**Q.13** भारत में मध्य साम्राज्यों की कालानुक्रमिक अवधि क्या है?

**Ans**
- ✗ 1. यह काल सातवाहन पतन के बाद शुरू हुआ और लगभग 1200 ई. में समाप्त हुआ।
- ✓ 2. यह काल मौर्य पतन के बाद शुरू हुआ और लगभग 1200 ई. में समाप्त हुआ, जो लगभग 1,500 वर्षों तक चला।
- ✗ 3. यह काल गुप्त पतन के बाद शुरू हुआ और लगभग 1500 ई. में समाप्त हुआ, जो लगभग 9,000 वर्षों तक चला।
- ✗ 4. यह काल मौर्य पतन के बाद शुरू हुआ और लगभग 1500 ई. में समाप्त हुआ, जो लगभग 1,800 वर्षों तक चला।

**Q.14** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

कथन I: अनुच्छेद 343(1) के अनुसार, संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी।
कथन II: अनुच्छेद 348(1) के अनुसार, सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय की सभी कार्यवाहियां अंग्रेजी में होंगी।

**Ans**
- ✓ 1. कथन I और II दोनों सही हैं।
- ✗ 2. केवल कथन II सही है।
- ✗ 3. कथन I और II दोनों गलत हैं।
- ✗ 4. केवल कथन I सही है।

**Q.15** निम्नलिखित में से कौन-सा, हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में हिंदू महीने भाद्रपद के 16वें दिन मनाया जाने वाला फूलों का त्योहार है?

**Ans**
- ✓ 1. फुलाइच (Phulaich)
- ✗ 2. फागुल (Phagul)
- ✗ 3. दखरैनी (Dakhraini)
- ✗ 4. साज़ो (Sazo)

**Q.16** निम्नलिखित में से कौन, 2024 में T20 में 350 विकेट लेने वाला पहला भारतीय गेंदबाज बन गया है?

**Ans**
- ✓ 1. युजवेंद्र चहल
- ✗ 2. भुवनेश्वर कुमार
- ✗ 3. जसप्रीत बुमराह
- ✗ 4. रविचंद्रन अश्विन

**Q.17** स्वतंत्रता-पूर्व, भारत में गरीबी का आकलन करने का प्रयास किसके द्वारा किया गया था?

**Ans**
- ✗ 1. जवाहरलाल नेहरू
- ✗ 2. महात्मा गांधी
- ✓ 3. दादाभाई नौरोजी
- ✗ 4. लोकमान्य तिलक

**Q.18** केरल द्वारा शुरू किए गए भारत के पहले सरकार समर्थित OTT प्लेटफॉर्म का नाम क्या है?

**Ans**
- ✗ 1. सिनेकेरल (CineKerala)
- ✓ 2. सीस्पेस (CSpace)
- ✗ 3. सिनेस्पेस (CineSpace)
- ✗ 4. केरलविज़न (KeralaVision)

**Q.19** 'शरद' ऋतु ग्रेगोरियन कैलेंडर के किन महीनों में आती है?

**Ans**
- ✗ 1. जनवरी और फरवरी
- ✗ 2. नवंबर और दिसंबर
- ✗ 3. मार्च और अप्रैल
- ✓ 4. सितंबर और नवंबर

**Q.20** उत्तराखंड में हुए उस अभियान का नाम क्या है जिसका उद्देश्य वनाग्नि और प्रदूषण को कम करना है?

**Ans**
- ✗ 1. जंगल बचाओ-प्राण बचाओ
- ✗ 2. हरित उत्तराखंड
- ✗ 3. वन शक्ति अभियान
- ✓ 4. पिरुल लाओ-पैसे पाओ

Section : **Numerical Aptitude and Data Interpretation**

**Q.1** एक दुकानदार एक थोक विक्रेता से 76 पुस्तकों के अंकित मूल्य पर 80 पुस्तकें खरीदता है। यदि वह इन पुस्तकों को मूल अंकित मूल्य पर 1% की छूट देकर बेचता है, तो उसका लाभ प्रतिशत कितना है? (उत्तर को दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित करें।)

**Ans**
- ✗ 1. 3.21%
- ✓ 2. 4.21%
- ✗ 3. 2.24%
- ✗ 4. 4.86%

**Q.2** किसी वस्तु को ₹2,000 में बेचा जाता है और उस पर अर्जित लाभ, उसी वस्तु को ₹400 में बेचने पर हुई हानि का तीन गुना है। 50% लाभ अर्जित करने के लिए विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. ₹1,600
- ✗ 2. ₹1,400
- ✗ 3. ₹1,500
- ✓ 4. ₹1,200

**Q.3** निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या, 15 से विभाज्य है?

**Ans**
- ✓ 1. 735
- ✗ 2. 595
- ✗ 3. 475
- ✗ 4. 693

**Q.4** दिया गया दंड आलेख एक किसान द्वारा दो फसलों, मूँगफली और बाजरा, पर चार क्रमागत वर्षों (2010 - 2013) में अर्जित लाभ (₹ में) को दर्शाता है। X-अक्ष लाभ (₹ में) और Y-अक्ष वर्षों को दर्शाता है। दंड आलेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

**2 फसलों का लाभ**




सभी 4 वर्षों में बाजरा और मूँगफली के माध्य लाभ का अनुपात ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 27 : 35
- ✓ 2. 31 : 41
- ✗ 3. 3 : 4
- ✗ 4. 2 : 3

Q.5 किस वार्षिक दर (प्रतिशत में) से साधारण ब्याज पर कोई धनराशि 25 वर्षों में स्वयं की दोगुनी हो जाएगी?

Ans
- ✗ 1. 8%
- ✗ 2. 6%
- ✓ 3. 4%
- ✗ 4. 2%

Q.6 दो संख्याओं का माध्यानुपाती 10 है और उनका तृतीयानुपाती 80 है। दोनों संख्याएं ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 2 और 50
- ✗ 2. 10 और 10
- ✓ 3. 5 और 20
- ✗ 4. 4 और 25

Q.7 A अकेले एक कार्य को 10 दिनों में कर सकता है। वह अकेले कार्य करना शुरू करता है लेकिन 4 दिन बाद कार्य छोड़ देता है। पाँचवें दिन से, B शेष कार्य को पूरा करने के लिए 9 दिनों तक अकेले कार्य करता है। A और B को एकसाथ कार्य करते हुए इस कार्य को पूरा करने में कितना समय लगेगा?

Ans
- ✗ 1. 3 दिन
- ✗ 2. 4 दिन
- ✗ 3. 5 दिन
- ✓ 4. 6 दिन

Q.8 13 संख्याओं का औसत 7 है। यदि प्रत्येक संख्या को 9 से गुणा किया जाए, तो नया औसत कितना होगा?

Ans
- ✓ 1. 63
- ✗ 2. 13
- ✗ 3. 7
- ✗ 4. 9

Q.9 पाइप A और B एक खाली टंकी को क्रमशः 15 घंटे और 10 घंटे में भर सकते हैं। दोनों को एक ही समय पर खोला गया है। 2 घंटे बाद, यह देखा गया कि गलती से पाइप A और B के साथ निकासी पाइप भी खुल गया था। निकासी पाइप को तुरंत बंद कर दिया गया। टंकी कुल 6 घंटे 24 मिनट में भर गई। निकासी पाइप द्वारा पूरी तरह से भरी हुई टंकी को खाली करने में कितना समय लगेगा?

Ans
- ✗ 1. 36 घंटे
- ✗ 2. 28 घंटे
- ✗ 3. 25 घंटे
- ✓ 4. 30 घंटे

Q.10 A, B और C ने क्रमशः ₹11.9 लाख, ₹13.6 लाख और ₹8.5 लाख का निवेश करके संयुक्त रूप से एक व्यवसाय शुरू किया। 3 वर्षों के अंत में उनके द्वारा व्यवसाय में अर्जित लाभ ₹30 लाख था। लाभ में B के हिस्से का आधा भाग कितना होगा?

Ans
- ✗ 1. ₹5.60 लाख
- ✗ 2. ₹4.60 लाख
- ✓ 3. ₹6.00 लाख
- ✗ 4. ₹5.25 लाख

Q.11 एक मोबाइल फ़ोन का मूल्य 3 वर्षों की अवधि में ₹64,000 से घटकर ₹27,000 हो गया। यदि मूल्यह्रास वार्षिक रूप से संयोजित होता है, तो मूल्यह्रास की वार्षिक दर ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 26%
- ✗ 2. 13%
- ✗ 3. 18%
- ✓ 4. 25%

Q.12 यदि p एक अभाज्य संख्या इस प्रकार है कि $2p-1$ एक वर्ग संख्या है, तो 31, 59, 61 और 71 में से p का न्यूनतम मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 71
- ✓ 2. 61
- ✗ 3. 31
- ✗ 4. 59

**Q.13** 13 संख्याओं का औसत 7 है। यदि प्रत्येक संख्या को 6 से गुणा किया जाए, तो नया औसत कितना होगा?

**Ans**
- ✗ 1. 6
- ✓ 2. 42
- ✗ 3. 7
- ✗ 4. 13

**Q.14** दो मित्रों के घर 2.8 km की दूरी पर हैं। वे एक-दूसरे से मिलने के लिए अपने घरों से क्रमशः 3.8 km/h और 4.6 km/h की चाल से चलते हैं। उन्हें मिलने में कितने मिनट लगेंगे?

**Ans**
- ✗ 1. 15
- ✗ 2. 18
- ✓ 3. 20
- ✗ 4. 22

**Q.15** पिछले दशक में किसी देश की जनसंख्या में औसत वार्षिक प्रतिशत वृद्धि (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए, यदि उस अवधि के दौरान जनसंख्या 5,25,000 से बढ़कर 8,75,500 हो गई।

**Ans**
- ✗ 1. 6.17%
- ✗ 2. 6.47%
- ✓ 3. 6.68%
- ✗ 4. 6.27%

**Q.16** अलका का मासिक वेतन, भावना के मासिक वेतन से 25% अधिक है और भावना का मासिक वेतन, चंपा के मासिक वेतन से 8% अधिक है। यदि चंपा का मासिक वेतन ₹15,000 है, तो अलका का मासिक वेतन कितना है?

**Ans**
- ✗ 1. ₹18,000
- ✗ 2. ₹16,000
- ✗ 3. ₹16,200
- ✓ 4. ₹20,250

**Q.17** एक शंक्वाकार बर्तन के आधार की त्रिज्या 9 cm और ऊँचाई 64 cm है। यह बर्तन पानी से पूर्णतया भरा हुआ है। इस पानी को आधार त्रिज्या 12 cm वाले एक बेलनाकार बर्तन में डाला जाता है। बेलनाकार बर्तन में पानी की गहराई कितनी होगी?

**Ans**
- ✗ 1. 10 cm
- ✓ 2. 12 cm
- ✗ 3. 11 cm
- ✗ 4. 13 cm

**Q.18** 21 cm त्रिज्या और 36 cm तिर्यक ऊँचाई वाले शंकु का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल और संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। ( $\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए।)

**Ans**
- ✗ 1. $2376\ cm^2, 3652\ cm^2$
- ✗ 2. $2736\ cm^2, 3562\ cm^2$
- ✗ 3. $2366\ cm^2, 3562\ cm^2$
- ✓ 4. $2376\ cm^2, 3762\ cm^2$

**Q.19** वीरेंद्र ने एक वस्तु ₹318 में खरीदी और उसे रूपाली को 12% की हानि पर बेच दिया। इस धनराशि से, वीरेंद्र ने एक और वस्तु खरीदी और उसे 50% के लाभ पर बेच दिया। वीरेंद्र का कुल लाभ प्रतिशत कितना है?

**Ans**
- ✓ 1. 32%
- ✗ 2. 35%
- ✗ 3. 33%
- ✗ 4. 31%

**Q.20** 700 m की रेस में, दो प्रतिभागियों A और B की चालों का अनुपात 6 : 7 था। यदि A को B से 220 m की शुरुआती बढ़त मिली थी, तो A ने रेस कितनी दूरी से जीती?

**Ans**
- ✗ 1. 80 m
- ✓ 2. 140 m
- ✗ 3. 100 m
- ✗ 4. 120 m

Section : **English Language and Comprehension**

**Q.1** **Read the conversation carefully and select the most appropriate ANTONYM of the bracketed word from the given options to fill in the blank.**

**Rohan: The wires got (entangled), and it took me a long time to fix them.**
**Neha: That's surprising! I thought you had already _____ them before starting.**

**Ans**
✗ 1. entwined
✗ 2. disbanded
✗ 3. interlaced
✓ 4. unravelled

**Q.2** **Select the option that rectifies the underlined incorrectly spelt word in the given paragraph.**

**The Medeterrannian is known for its stunning blue waters, beautiful coastlines, and rich cultural history. Many tourists visit the Medeterrannian countries to enjoy the warm climate, delicious cuisine, and ancient landmarks. The region has influenced art, trade, and civilisation for centuries, making it one of the most fascinating places in the world.**

**Ans**
✗ 1. Mediteranian
✓ 2. Mediterranean
✗ 3. Mediteranean
✗ 4. Mediterranian

**Q.3** **Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence.**
**Despite having already eaten a large meal, Rajiv, being a person who had a habit of eating excessively and greedily, couldn't resist ordering an extra-large pizza and finishing it all by himself.**

**Ans**
✗ 1. epicure
✗ 2. gourmet
✗ 3. ascetic
✓ 4. glutton

**Q.4** **Sentences of a paragraph are given below in jumbled order. Arrange the sentences in the correct order to form a meaningful and coherent paragraph.**

**A. These gardens are built with durability in mind.**
**B. They are meant to imbue their visitors with feelings of responsibility and to inspire them to care for the gardens for future generations.**
**C. Visiting a Japanese garden is a unique experience.**
**D. Unlike a normal garden which is solely a celebration of nature, the Japanese garden is infused with history, art and spirituality.**
**E. Many of the historic gardens that you can visit in Japan are hundreds or even thousands of years old.**

**Ans**
✗ 1. EDABC
✗ 2. CBEAD
✗ 3. BDCAE
✓ 4. CDEAB

**Q.5** **Select the most appropriate adjective to fill in the blank.**

**Elveenia's dance coach is always _____ and complains about every little mistake she makes.**

**Ans**
✗ 1. knowledgeable
✗ 2. frugal
✗ 3. formal
✓ 4. judgemental

**Q.6** **Select the most appropriate question tag to fill in the blank.**

**Ravi knows how to play the sitar, _____?**

**Ans**
- ✗ 1. isn't he
- ✓ 2. doesn't he
- ✗ 3. does he
- ✗ 4. hadn't he

**Q.7** **Select the option that can be used as a one-word substitute for the highlighted word segment in the given sentence.**

**His handwriting was so messy that it was impossible to read.**

**Ans**
- ✗ 1. Invisible
- ✓ 2. Illegible
- ✗ 3. Inaudible
- ✗ 4. Indelible

**Q.8** **Select the most appropriate synonym of the underlined word.**

**Richard: Did you hear about the fire at the warehouse? It was a colossal disaster!**
**Jay: Yes, the damage was immense.**

**Ans**
- ✗ 1. Insignificant
- ✗ 2. Trivial
- ✓ 3. Gargantuan
- ✗ 4. Miniscule

**Q.9** **Select the most appropriate question tag to fill in the blank.**

**Everything goes as planned, _____?**

**Ans**
- ✓ 1. doesn't it
- ✗ 2. didn't it
- ✗ 3. did it
- ✗ 4. does it

**Q.10** **Select the most appropriate adjective to fill in the blank.**

**When Teena started driving, her mother was very _____ about her experiences.**

**Ans**
- ✗ 1. attractive
- ✓ 2. inquisitive
- ✗ 3. fierce
- ✗ 4. loud

**Q.11** **Replace the underlined word segment with the most appropriate idiom.**

**Her parents made every effort to persuade her to marry that boy.**

**Ans**
- ✗ 1. rubbed shoulders
- ✗ 2. burnt the candles at both ends
- ✗ 3. spoke in one voice
- ✓ 4. moved heaven and earth

**Q.12** **Identify the INCORRECTLY spelt word in the given paragraph.**

**The human mind is an intricate labyrenth, shaped by experiences, emotions and subconscious impulses. Cognitive biases often distort rational judgement, leading individuals to make decisions driven by instinct rather than logic. Understanding these psychological patterns can pave the way for personal growth and informed decision-making.**

**Ans**
- ✗ 1. subconscious
- ✓ 2. labyrenth
- ✗ 3. instinct
- ✗ 4. intricate

**Q.13** **Select the most appropriate option to complete the proverb.**

**Where ignorance is bliss, _____.**

**Ans**

✗ 1. it's folly to be rude

✗ 2. it's folly to be good

✓ 3. it's folly to be wise

✗ 4. it's folly to be foolish

---

**Q.14** **Sentences of a paragraph are given below in jumbled order. Arrange the sentences in the correct order to form a meaningful and coherent paragraph.**

**A. Additionally, outdated infrastructure and materials can present additional challenges for renovation that may not be encountered in newer buildings.**
**B. It is important to understand the unique challenges and opportunities that come with bringing such structures up to modern standards.**
**C. The process of revamping historic buildings is a complex and delicate endeavour that requires careful planning and consideration.**
**D. In many cases, there are very specific regulations and laws in place to protect the historical integrity and value of the building.**

**Ans**

✗ 1. BACD

✓ 2. CBDA

✗ 3. BDAC

✗ 4. ADCB

---

**Q.15** **Select the most appropriate adjective to fill in the blank.**

**Mr. Malhotra, the _____ scientist, identified and rectified the minor error in the readings.**

**Ans**

✗ 1. overwhelming

✓ 2. keen-eyed

✗ 3. old-fashioned

✗ 4. strong-willed

---

**Comprehension:**

Read the given passage and answer the questions that follow.

After dinner, all the gang turned out to hunt for turtle eggs on the bar. They went about poking sticks into the sand, and when they found a soft place, they went down on their knees and dug with their hands. Sometimes they would take fifty or sixty eggs out of one hole. They were perfectly round, white things, a trifle smaller than an English walnut. They had a famous fried-egg feast that night, and another on Friday morning. After breakfast they went whooping and prancing out of the bar, and chased each other round and round, shedding clothes as they went, until they were naked, and then continued the frolic far away up the shoal water of the bar, against the stiff current, which later tripped their legs from under them from time to time, and greatly increased the fun. And now and then, they stood in a group and splashed water in each other's faces with their palms, gradually approaching each other with averted faces, to avoid the stagging sprays, and finally gripping and struggling till the best man ducked his neighbour, and then they all went under in a tangle of white legs and arms, and came up blowing, sputtering, laughing, and gasping for breath at one and the same time.

**SubQuestion No : 16**

**Q.16** **What does the phrase "tripped their legs from under them" most likely mean in the passage?**

**Ans**

✓ 1. Caused them to fall

✗ 2. Helped them stand tall

✗ 3. Gave them extra strength

✗ 4. Made them run faster

**Comprehension:**

Read the given passage and answer the questions that follow.

After dinner, all the gang turned out to hunt for turtle eggs on the bar. They went about poking sticks into the sand, and when they found a soft place, they went down on their knees and dug with their hands. Sometimes they would take fifty or sixty eggs out of one hole. They were perfectly round, white things, a trifle smaller than an English walnut. They had a famous fried-egg feast that night, and another on Friday morning. After breakfast they went whooping and prancing out of the bar, and chased each other round and round, shedding clothes as they went, until they were naked, and then continued the frolic far away up the shoal water of the bar, against the stiff current, which later tripped their legs from under them from time to time, and greatly increased the fun. And now and then, they stood in a group and splashed water in each other's faces with their palms, gradually approaching each other with averted faces, to avoid the stagging sprays, and finally gripping and struggling till the best man ducked his neighbour, and then they all went under in a tangle of white legs and arms, and came up blowing, sputtering, laughing, and gasping for breath at one and the same time.

**SubQuestion No : 17**

**Q.17** **Choose the ANTONYM of "averted" from the passage.**

**Ans**

✗ 1. Blocked

✗ 2. Hid

✗ 3. Avoided

✓ 4. Turned towards

---

**Comprehension:**

Read the given passage and answer the questions that follow.

After dinner, all the gang turned out to hunt for turtle eggs on the bar. They went about poking sticks into the sand, and when they found a soft place, they went down on their knees and dug with their hands. Sometimes they would take fifty or sixty eggs out of one hole. They were perfectly round, white things, a trifle smaller than an English walnut. They had a famous fried-egg feast that night, and another on Friday morning. After breakfast they went whooping and prancing out of the bar, and chased each other round and round, shedding clothes as they went, until they were naked, and then continued the frolic far away up the shoal water of the bar, against the stiff current, which later tripped their legs from under them from time to time, and greatly increased the fun. And now and then, they stood in a group and splashed water in each other's faces with their palms, gradually approaching each other with averted faces, to avoid the stagging sprays, and finally gripping and struggling till the best man ducked his neighbour, and then they all went under in a tangle of white legs and arms, and came up blowing, sputtering, laughing, and gasping for breath at one and the same time.

**SubQuestion No : 18**

**Q.18** **What is the main theme of the passage?**

**Ans**

✓ 1. A playful hunting trip and water frolic

✗ 2. A lesson on conservation

✗ 3. A scientific study of turtle eggs

✗ 4. A dangerous adventure

---

**Comprehension:**

Read the given passage and answer the questions that follow.

After dinner, all the gang turned out to hunt for turtle eggs on the bar. They went about poking sticks into the sand, and when they found a soft place, they went down on their knees and dug with their hands. Sometimes they would take fifty or sixty eggs out of one hole. They were perfectly round, white things, a trifle smaller than an English walnut. They had a famous fried-egg feast that night, and another on Friday morning. After breakfast they went whooping and prancing out of the bar, and chased each other round and round, shedding clothes as they went, until they were naked, and then continued the frolic far away up the shoal water of the bar, against the stiff current, which later tripped their legs from under them from time to time, and greatly increased the fun. And now and then, they stood in a group and splashed water in each other's faces with their palms, gradually approaching each other with averted faces, to avoid the stagging sprays, and finally gripping and struggling till the best man ducked his neighbour, and then they all went under in a tangle of white legs and arms, and came up blowing, sputtering, laughing, and gasping for breath at one and the same time.

**SubQuestion No : 19**

**Q.19** **How did they find the turtle eggs?**

**Ans**

✗ 1. By looking for nests in trees

✗ 2. By following turtle tracks

✓ 3. By poking sticks into the sand and digging with their hands

✗ 4. By using metal detectors

**Comprehension:**

Read the given passage and answer the questions that follow.

After dinner, all the gang turned out to hunt for turtle eggs on the bar. They went about poking sticks into the sand, and when they found a soft place, they went down on their knees and dug with their hands. Sometimes they would take fifty or sixty eggs out of one hole. They were perfectly round, white things, a trifle smaller than an English walnut. They had a famous fried-egg feast that night, and another on Friday morning. After breakfast they went whooping and prancing out of the bar, and chased each other round and round, shedding clothes as they went, until they were naked, and then continued the frolic far away up the shoal water of the bar, against the stiff current, which later tripped their legs from under them from time to time, and greatly increased the fun. And now and then, they stood in a group and splashed water in each other's faces with their palms, gradually approaching each other with averted faces, to avoid the stagging sprays, and finally gripping and struggling till the best man ducked his neighbour, and then they all went under in a tangle of white legs and arms, and came up blowing, sputtering, laughing, and gasping for breath at one and the same time.

**SubQuestion No : 20**

**Q.20** **Select the summary that best captures the essence of the given passage.**

**Ans**

✔ 1. The passage describes a group of people enjoying a playful night and morning, hunting for turtle eggs and engaging in fun water activities.

✘ 2. The passage warns about the risks of playing in water.

✘ 3. The passage explains the process of cooking turtle eggs.

✘ 4. The passage discusses the dangers of hunting turtle eggs.

Section : **Hindi Language and Comprehension**

**Q.1** **एक सार्थक गद्यांश के निर्माण हेतु निम्नलिखित वाक्यों का सही क्रम क्या होगा ?**
**A. दंगों में वे एक - दूसरे के खून के प्यासे हो गए ।**
**B. हिन्दू - मुसलमान भाई - भाई कहलाते थे।**
**C. हिंदी क्षेत्र को विभाजन का अनुभव दूर से हुआ ।**
**D. इसलिए विभाजन की त्रासदी से हिंदी साहित्य कम प्रभावित हुआ।**

**Ans**

✘ 1. BADC

✘ 2. BCDA

✘ 3. CDAB

✔ 4. BACD

**Q.2** **"सार्थक के पिता बहुत दयालू व्यक्ति हैं वे हमेशा गरीबों की मदद करते हैं।" वाक्य में अशुद्ध भाग का चयन कीजिए।**

**Ans**

✔ 1. बहुत दयालू व्यक्ति हैं

✘ 2. मदद करते हैं।

✘ 3. वे हमेशा गरीबों की

✘ 4. सार्थक के पिता

**Q.3** **अंजलि ..... किताब पढ़ी है ।**
**वाक्य के रिक्त स्थान को कर्ता कारक से पूर्ण करें।**

**Ans**

✘ 1. के लिए

✘ 2. को

✔ 3. ने

✘ 4. से

**Q.4** **'जो तेजी से चलने वाला है' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द होगा-**

**Ans**

✘ 1. अधोगामी

✘ 2. आगामी

✔ 3. द्रुतगामी

✘ 4. ऊर्ध्वगामी

**Q.5** **'चोरी का माल मोरी में' लोकोक्ति का अर्थ निम्न में से है-**

**Ans**

✘ 1. चोरी का माल दूसरों को बाँट दिया जाता है।

✘ 2. बुरे ढंग से कमाए माल से सम्पन्नता आती है।

✔ 3. बुरी तरह से कमाया धन बुरे कार्यों में ही खर्च होता है ।

✘ 4. चोरी का माल ठीक से छुपाना पड़ता है।

**Q.6** निम्नलिखित वाक्य को ध्यानपूर्वक पढ़ें और रिक्त स्थान की पूर्ति उचित परिमाण वाचक विशेषण के माध्यम से करें।
रमेश बाज़ार जा कर _____ प्याज़ ले आओ।

**Ans**
- ✗ 1. बड़े
- ✓ 2. दो किलो
- ✗ 3. चार-पाँच
- ✗ 4. छोटे

**Q.7** रमेश _____ चलता है। - रिक्त स्थान के लिए उचित क्रिया-विशेषण का चयन कीजिए-

**Ans**
- ✗ 1. नहीं
- ✓ 2. धीरे-धीरे
- ✗ 3. अति
- ✗ 4. भागता

**Q.8** नारद पुरन्दर के पास गए ।
वाक्य का रेखांकित शब्द किसका पर्यायवाची है ?

**Ans**
- ✗ 1. विष्णु
- ✓ 2. इन्द्र
- ✗ 3. महेश
- ✗ 4. ब्रह्मा

**Q.9** निम्नलिखित वाक्य को ध्यानपूर्वक पढ़ें और रिक्त स्थान की पूर्ति उचित संख्यावाचक विशेषण के माध्यम से करें।
राम ने _____ आम खाये।

**Ans**
- ✓ 1. तीन
- ✗ 2. पके
- ✗ 3. बड़े
- ✗ 4. छोटे

**Q.10** निम्नलिखित वाक्य को कारक द्वारा पूर्ण करें।
तुम घर ___ पुस्तकालय जाते समय कविता से मिलते जाना।

**Ans**
- ✓ 1. से
- ✗ 2. के लिए
- ✗ 3. में
- ✗ 4. ने

**Q.11** 'शैतान की आँत' मुहावरे का उपयुक्त अर्थ क्या है?

**Ans**
- ✗ 1. बेकार वस्तु
- ✗ 2. अनपढ़ वस्तु|
- ✗ 3. छोटी वस्तु|
- ✓ 4. बहुत लम्बी वस्तु|

**Q.12** महाभारत में द्रौपदी के चीर हरण का प्रसंग प्रचलित है ।
वाक्य का रेखांकित शब्द किसका पर्यायवाची है ?

**Ans**
- ✗ 1. इज्जत
- ✗ 2. अभिमान
- ✗ 3. केश
- ✓ 4. वस्त्र

**Q.13** एक सार्थक गद्यांश के निर्माण हेतु निम्नलिखित वाक्यों का सही क्रम क्या होगा ?
A. इनकी तीन रचनाएँ उपलब्ध हैं ।
B. इसलिए इन्हें जायसी कहा जाता है ।
C. ये अमेठी के निकट जायस के रहने वाले थे ।
D. सूफी काव्य परम्परा के श्रेष्ठ कवि मलिक मुहम्मद हैं ।

**Ans**
- ✗ 1. BADC
- ✓ 2. DCBA
- ✗ 3. ABCD
- ✗ 4. DBCA

**Q.14** निम्नलिखित वाक्य को ध्यानपूर्वक पढ़ें और त्रुटि पहचान कर शुद्ध वाक्य चुनें।
इस पुस्तकाल्य में ढ़ेरों प्राचीन ग्रंथ उप्लब्ध हैं, तुम यहाँ अराम से पढ सकते हो।

**Ans**
- ✗ 1. इस पूस्तकाल्य में ढ़ेरो प्राचिन ग्रंथ उप्लब्ध हैं, तुम यहाँ अराम से पढ सक ते हो।
- ✗ 2. इस पूस्तकाल्य मे धेरो प्राचीन ग्रंथ उप्लब्ध है, तूम यहाँ आराम से पड़ सकते हो।
- ✗ 3. इस पुस्तकाल्य में ढ़ेरों प्राचीन ग्रंथ उप्लब्ध हैं, तुम यहाँ अराम से पढ सकते हो।
- ✓ 4. इस पुस्तकालय में ढेरों प्राचीन ग्रंथ उपलब्ध हैं, तुम यहाँ आराम से पढ़ सकते हो।

**Q.15** 'क्षमा करने वाला व्यक्ति उदार ह्रदय का होता है।' रेखांकित वाक्यांश के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द है-

**Ans**
- ✗ 1. अक्षम्य
- ✓ 2. क्षमाशील
- ✗ 3. क्षमा-प्रार्थी
- ✗ 4. क्षमा-याचक

**Comprehension:**

दिए गए गद्यांश के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
कभी-कभी विधाता हमें ऐसे व्यक्तित्व से मिला देता है, जिसे देख स्वयं अपने जीवन की रिक्तता बहुत कम लगने लगती है । हमें तब लगता है कि भले ही उस अन्तर्यामी ने हमें जीवन में कभी अकस्मात अकारण ही दंडित कर दिया हो किन्तु हमारे किसी अंग को हमसे विछिन्न कर हमें उससे वंचित तो नहीं किया । फिर हमसे कौन ऐसा मानव है जो अपनी विपत्ति के कठिन क्षणों में विधाता को दोषी नहीं ठहराता । मैंने अभी पिछले ही महीने, एक ऐसी अभिशप्त काया देखी है, जिसे विधाता ने कठोरतम दंड दिया है, किन्तु उसे वह नतमस्तक आनंदी मुद्रा में झेल रही है, विधाता को कोसकर नहीं ।

**SubQuestion No : 16**

**Q.16** जिसे देखकर हमें अपने जीवन की रिक्तता बहुत कम लगने लगती है | वाक्य में आये रिक्तता शब्द से तात्पर्य है -

**Ans**
- ✗ 1. पैसे की कमी
- ✓ 2. कोई शारीरिक कमी
- ✗ 3. सामाजिक सम्मान
- ✗ 4. पारिवारिक दुःख

**Comprehension:**

दिए गए गद्यांश के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
कभी-कभी विधाता हमें ऐसे व्यक्तित्व से मिला देता है, जिसे देख स्वयं अपने जीवन की रिक्तता बहुत कम लगने लगती है । हमें तब लगता है कि भले ही उस अन्तर्यामी ने हमें जीवन में कभी अकस्मात अकारण ही दंडित कर दिया हो किन्तु हमारे किसी अंग को हमसे विछिन्न कर हमें उससे वंचित तो नहीं किया । फिर हमसे कौन ऐसा मानव है जो अपनी विपत्ति के कठिन क्षणों में विधाता को दोषी नहीं ठहराता । मैंने अभी पिछले ही महीने, एक ऐसी अभिशप्त काया देखी है, जिसे विधाता ने कठोरतम दंड दिया है, किन्तु उसे वह नतमस्तक आनंदी मुद्रा में झेल रही है, विधाता को कोसकर नहीं ।

**SubQuestion No : 17**

**Q.17** गद्यांश में अन्तर्यामी किसे कहा गया है ?

**Ans**
- ✓ 1. विधाता
- ✗ 2. समाज
- ✗ 3. व्यक्ति
- ✗ 4. स्वयं

**Comprehension:**

दिए गए गद्यांश के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
कभी-कभी विधाता हमें ऐसे व्यक्तित्व से मिला देता है, जिसे देख स्वयं अपने जीवन की रिक्तता बहुत कम लगने लगती है । हमें तब लगता है कि भले ही उस अन्तर्यामी ने हमें जीवन में कभी अकस्मात अकारण ही दंडित कर दिया हो किन्तु हमारे किसी अंग को हमसे विछिन्न कर हमें उससे वंचित तो नहीं किया । फिर हमसे कौन ऐसा मानव है जो अपनी विपत्ति के कठिन क्षणों में विधाता को दोषी नहीं ठहराता । मैंने अभी पिछले ही महीने, एक ऐसी अभिशप्त काया देखी है, जिसे विधाता ने कठोरतम दंड दिया है, किन्तु उसे वह नतमस्तक आनंदी मुद्रा में झेल रही है, विधाता को कोसकर नहीं ।

**SubQuestion No : 18**

**Q.18** व्यक्ति विधाता को दोषी कब ठहराता है?

**Ans**
- ✗ 1. ख़ुशी के क्षणों में
- ✗ 2. आनंद के क्षणों में
- ✓ 3. जीवन के कठिनतम क्षणों में
- ✗ 4. जीवन के अच्छे क्षणों में

**Comprehension:**

दिए गए गद्यांश के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
कभी-कभी विधाता हमें ऐसे व्यक्तित्व से मिला देता है, जिसे देख स्वयं अपने जीवन की रिक्तता बहुत कम लगने लगती है । हमें तब लगता है कि भले ही उस अन्तर्यामी ने हमें जीवन में कभी अकस्मात अकारण ही दंडित कर दिया हो किन्तु हमारे किसी अंग को हमसे विछिन्न कर हमें उससे वंचित तो नहीं किया । फिर हमसे कौन ऐसा मानव है जो अपनी विपत्ति के कठिन क्षणों में विधाता को दोषी नहीं ठहराता । मैंने अभी पिछले ही महीने, एक ऐसी अभिशप्त काया देखी है, जिसे विधाता ने कठोरतम दंड दिया है, किन्तु उसे वह नतमस्तक आनंदी मुद्रा में झेल रही है, विधाता को कोसकर नहीं ।

**SubQuestion No : 19**

**Q.19** **गद्यांश में प्रयुक्त 'कम' का विलोम शब्द होगा -**

**Ans**
- ✗ 1. अकथ्य
- ✗ 2. सदा
- ✗ 3. तगड़ा
- ✓ 4. ज्यादा

**Comprehension:**

दिए गए गद्यांश के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
कभी-कभी विधाता हमें ऐसे व्यक्तित्व से मिला देता है, जिसे देख स्वयं अपने जीवन की रिक्तता बहुत कम लगने लगती है । हमें तब लगता है कि भले ही उस अन्तर्यामी ने हमें जीवन में कभी अकस्मात अकारण ही दंडित कर दिया हो किन्तु हमारे किसी अंग को हमसे विछिन्न कर हमें उससे वंचित तो नहीं किया । फिर हमसे कौन ऐसा मानव है जो अपनी विपत्ति के कठिन क्षणों में विधाता को दोषी नहीं ठहराता । मैंने अभी पिछले ही महीने, एक ऐसी अभिशप्त काया देखी है, जिसे विधाता ने कठोरतम दंड दिया है, किन्तु उसे वह नतमस्तक आनंदी मुद्रा में झेल रही है, विधाता को कोसकर नहीं ।

**SubQuestion No : 20**

**Q.20** **गद्यांश में प्रयुक्त 'काया' का पर्यायवाची शब्द होगा -**

**Ans**
- ✗ 1. शक्ति
- ✗ 2. अंतर
- ✓ 3. वपु
- ✗ 4. वृथा

Section : **Discipline1**

**Q.1** **भ्रूणीय अक्ष (embryonal axis) के संदर्भ में, उच्च कोटि पादपों में भ्रूणोद्भव के दौरान मूलांकुर और प्रांकुर की सही स्थिति का चयन कीजिए।**

**Ans**
- ✗ 1. दोनों भ्रूणीय अक्ष के ऊपरी सिरे पर मौजूद होते हैं।
- ✗ 2. मूलांकुर ऊपरी सिरे पर तथा प्रांकुर निचले सिरे पर उपस्थित होता है।
- ✗ 3. दोनों भ्रूणीय अक्ष के निचले सिरे पर मौजूद होते हैं।
- ✓ 4. प्रांकुर ऊपरी सिरे पर तथा मूलांकुर निचले सिरे पर उपस्थित होता है।

**Q.2** **वृद्धि के जनन चरण के दौरान बनने वाला पुष्प, एकधा या पुष्पक्रम के एक भाग के रूप में हो सकता है, _____ का विशिष्ट लक्षण है।**

**Ans**
- ✗ 1. शैवाल (algae)
- ✓ 2. आवृतबीजी (angiosperm)
- ✗ 3. ब्रायोफाइटा (bryophyta)
- ✗ 4. टेरिडोफाइट (pteridophyte)

**Q.3** **लाल शैवाल में आरक्षित खाद्य पदार्थ कौन-सा है?**

**Ans**
- ✓ 1. फ्लोरिडी स्टार्च (floridean starch)
- ✗ 2. सेलुलोस (cellulose)
- ✗ 3. ग्लाइकोजन (glycogen)
- ✗ 4. स्टार्च (starch)

**Q.4** **निम्नलिखित में से कौन-सा औषधीय पादप सोलैनेसी (Solanaceae) कुल से संबंधित है?**

**Ans**
- ✓ 1. बेलाडोना
- ✗ 2. कैसिया
- ✗ 3. सरसों
- ✗ 4. गुलमोहर

**Q.5** एनेलिडा (Annelida) संघ के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

**Ans**
- ✗ 1. शरीर की सतह सुस्पष्ट रूप से विखंडों (metamere) में विभाजित होती है।
- ✗ 2. नेरीस, फेरेटिमा और हीरुडिनेरिया इसके उदाहरण हैं।
- ✗ 3. वृक्कक (nephridia), परासरणनियमन और उत्सर्जन में सहायता करते हैं।
- ✓ 4. विवृत परिसंचरण तंत्र उपस्थित होता है।

**Q.6** निम्नलिखित में से कौन-सा, संकटापन्न पादपों की प्रजातियों के बाह्य-स्थाने संरक्षण के साथ-साथ जर्मप्लाज्म के संरक्षण का स्थान है?

**Ans**
- ✗ 1. राष्ट्रीय उद्यान
- ✗ 2. जीवमंडल निचय
- ✗ 3. पादप संग्रहालय
- ✓ 4. वनस्पति उद्यान

**Q.7** आवृतबीजी पादपों में, नर और मादा युग्मकोद्भिद् विशिष्ट संरचनाओं के भीतर विकसित होते हैं जिन्हें _____ कहा जाता है।

**Ans**
- ✗ 1. लघुबीजाणुधानी
- ✗ 2. भ्रूण-कोष
- ✓ 3. पुष्प
- ✗ 4. गुरुबीजाणुधानी

**Q.8** निम्नलिखित में से किसका संबंध मोलस्का वर्ग से नहीं है?

**Ans**
- ✗ 1. द्विकपाटी (Bivalve)
- ✗ 2. गैस्ट्रोपोडा (Gastropoda)
- ✗ 3. सेफैलोपोडा (Cephalopoda)
- ✓ 4. क्रस्टेशिया (Crustacea)

**Q.9** द्विपद नामपद्धति में, प्रजातियों के नामों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

**Ans**
- ✗ 1. वंश नाम छोटे अक्षर से और प्रजाति का नाम बड़े अक्षर से लिखना शुरू किया जाता है।
- ✓ 2. वंश का नाम बड़े अक्षर से और प्रजाति का नाम छोटे अक्षर से लिखना शुरू किया जाता है।
- ✗ 3. दोनों नाम बड़े अक्षर से लिखना शुरू किए जाते हैं।
- ✗ 4. वंश और प्रजाति, दोनों के नाम बड़े अक्षर से लिखना शुरू किए जाते हैं।

**Q.10** निम्नलिखित में से किस प्रकार के संवहनी बंडल द्वि-बीजपत्री तनों में पाए जाते हैं?

**Ans**
- ✗ 1. संयुक्त, एंडार्क प्रोटोजाइलम के साथ बंद
- ✗ 2. संयुक्त, एक्जार्क प्रोटोजाइलम के साथ बंद
- ✗ 3. संयुक्त, एक्जार्क प्रोटोजाइलम (exarch protoxylem) के साथ खुला
- ✓ 4. संयुक्त, एंडार्क प्रोटोजाइलम (endarch protoxylem) के साथ खुला

**Q.11** शैवाल के मामले में, लैंगिक जनन के लिए, निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प आकार में असमान दो युग्मकों का संलयन दर्शाता है?

**Ans**
- ✗ 1. स्पाइरोगाइरा (Spirogyra)
- ✓ 2. यूडोराइना (Eudorina)
- ✗ 3. हाइड्रोडिक्टऑन (Hydrodictyon)
- ✗ 4. यूलोथ्रिक्स (Ulothrix)

**Q.12** पादप ऊतकों में, कॉलेन्काइमा कोशिकाओं का प्राथमिक कार्य क्या होता है?

**Ans**
- ✗ 1. जल और आयन परिवहन को विनियमित करना
- ✓ 2. यांत्रिक सामर्थ्य और प्रत्यास्थता प्रदान करना
- ✗ 3. स्टार्च और पोषक तत्वों को संग्रहित करना
- ✗ 4. गैस विनिमय और वाष्पोत्सर्जन को सुगम बनाना

**Q.13** मेंढकों की त्वचा में संहत स्तर परत (stratum compactum layer) का प्राथमिक कार्य क्या है?

**Ans**
- ✗ 1. त्वचा के स्नेहन हेतु श्लेष्मा का उत्पादन करना
- ✓ 2. यांत्रिक शक्ति और सुरक्षा प्रदान करना
- ✗ 3. जल और आयन संतुलन को विनियमित करना
- ✗ 4. गैसी विनिमय को सुगम बनाना

**Q.14** निम्नलिखित में से कौन-सा पादप समूह, लेप्टॉइड की उपस्थिति से अभिलक्षित होता है, जो एक विशिष्ट कोशिका प्रकार है जिसे बीज पौधों के चालनी तत्वों के अनुरूप माना जाता है?

**Ans**
- ✗ 1. आवृतबीजी
- ✗ 2. अनावृतबीजी
- ✗ 3. टेरिडोफाइटा
- ✓ 4. ब्रायोफाइटा

**Q.15** बीज विकास के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सी प्राथमिक विशेषता, अनावृतबीजी (gymnosperm) को आवृतबीजी (angiosperm) से पृथक करती है?

**Ans**
- ✗ 1. परागण का प्रकार
- ✓ 2. अंडाशय भित्ति का अभाव
- ✗ 3. बीजांड की संरचना
- ✗ 4. भ्रूणपोष की उपस्थिति

**Q.16** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, मानव हृदय की ऊतक संघटन (tissue composition) का सही वर्णन करता है?

**Ans**
- ✗ 1. यह केवल संयोजी ऊतक से बना होता है।
- ✗ 2. यह केवल दो प्रकार के ऊतकों से बना होता है।
- ✗ 3. यह केवल एक प्रकार के ऊतक, अर्थात् तंत्रिका ऊतक से बना होता है।
- ✓ 4. यह चारों प्रकार के ऊतकों - उपकला ऊतक, संयोजी ऊतक, पेशी ऊतक और तंत्रिका ऊतक से बना होता है।

**Q.17** निम्नलिखित में से कौन-सा प्राणी, बहुरूपता और पीढ़ी-एकांतरण प्रदर्शित करता है जिसमें निवही (colonial), अलैंगिक अंडजीवक (asexual oozoid) के साथ एकल, लैंगिक जननजीवक (sexual gonozooid) बारी-बारी से आते हैं?

**Ans**
- ✗ 1. ऐम्फिऑक्सस (Amphioxus)
- ✓ 2. डोलिओलम (Doliolum)
- ✗ 3. बैलैनाग्लोसस (Balanoglossus)
- ✗ 4. स्टार फिश (Star fish)

**Q.18** पत्तियों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

**Ans**
- ✓ 1. पत्तियां प्रकाश संश्लेषण के लिए सबसे महत्वपूर्ण अंग हैं।
- ✗ 2. पत्तियों में शिराएं केवल यांत्रिक कार्य करती हैं और परिवहन में कोई क्रिया नहीं करती हैं।
- ✗ 3. पत्तियां प्ररोह के शीर्षस्थ विभज्योतक से उत्पन्न होती हैं और तलाभिसारी क्रम में व्यवस्थित होती हैं।
- ✗ 4. पत्ती एक पार्श्वीय, सामान्यतः चपटी संरचना होती है जो जड़ से निकलती हैं।

**Q.19** भूरी वसा जोकि नवजात शिशुओं और शीतनिद्रा में रहने वाले स्तनधारियों में पाई जाती है, में साइटोक्रोम वर्णक होते हैं, जिनमें निम्नलिखित में से कौन-सा तत्व मौजूद होता है?

**Ans**
- ✗ 1. मैग्नीशियम
- ✗ 2. कॉपर
- ✓ 3. आयरन
- ✗ 4. सिल्वर

**Q.20** किसी पुराने वृक्ष में, रसारोहण _____ के माध्यम से होता है।

**Ans**
- ✗ 1. मध्य हल्के रंग वाले कठोर-दारु
- ✓ 2. परिधीय हल्के रंग वाले रसदारु
- ✗ 3. परिधीय गहरे रंग वाले अंतःकाष्ठ
- ✗ 4. मध्य गहरे रंग वाले रसदारु

Section : **Discipline2**

**Q.1** कोशिकाद्रव्य में ग्लूकोज के आंशिक ऑक्सीकरण के दौरान, पहला ऑक्सीकरण चरण निम्नलिखित में से किस एंजाइम द्वारा उत्प्रेरित होता है?

**Ans**
- ✗ 1. काइनेज (Kinase)
- ✓ 2. डिहाइड्रोजेनेस (Dehydrogenase)
- ✗ 3. फॉस्फोरिलेस (Phosphorylase)
- ✗ 4. म्यूटेस (Mutase)

**Q.2** एंजाइमों की सक्रियता पर ताप के प्रभाव के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें।

कथन A: उच्च ताप, एंजाइमी सक्रियता को नष्ट कर देता है क्योंकि प्रोटीन, ऊष्मा से विकृत हो जाते हैं।
कथन B: निम्न ताप, एंजाइम को अस्थायी रूप से निष्क्रिय अवस्था में संरक्षित रखता है।

**Ans**
- ✗ 1. कथन A और B दोनों गलत हैं।
- ✓ 2. कथन A और B दोनों सही हैं।
- ✗ 3. कथन A सही है, और कथन B गलत है।
- ✗ 4. कथन B सही है, और कथन A गलत है।

**Q.3** किसी एंजाइम को दी गई EC संख्या 1.1.1.1 का क्या अर्थ है?

**Ans**
- ✗ 1. यह एंजाइम एक ट्रांस्फरेज (transferase) है जो मिथाइल समूह के स्थानांतरण को उत्प्रेरित करता है।
- ✗ 2. यह एंजाइम एक हाइड्रोलेज़ (hydrolase) है जो एस्टर आबंधों पर कार्य करता है।
- ✗ 3. यह एंजाइम एक लाइएज़ (lyase) है जो C-C आबंधों के विदलन को उत्प्रेरित करता है।
- ✓ 4. यह एंजाइम एक ऑक्सीडोरेडक्टेस (oxidoreductase) है जो ग्राही के रूप में $NAD^+$ के साथ दाताओं के CH-OH समूह पर कार्य करता है।

**Q.4** निम्नलिखित में से कौन-सा, एंजाइम उत्प्रेरित अभिक्रिया का सही निरूपण है?

**Ans**
- ✓ 1. E + S ---- ES ¾¾® EP ¾¾® E + P
- ✗ 2. E + P ---- EP ¾¾® ES ¾¾® E + S
- ✗ 3. E + S ---- ES ¾¾® E + P ¾¾® EP
- ✗ 4. E + S ---- EP ¾¾® ES ¾¾® E + P

**Q.5** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, गैर-स्पर्धी संदमन के संबंध में सत्य है?

**Ans**
- ✗ 1. Km मान घटता है।
- ✗ 2. कार्यद्रव्य की सांद्रता में वृद्धि करके, संदमन को दूर किया जा सकता है।
- ✗ 3. संदमक, एंजाइम के सक्रिय स्थल से आबद्ध हो जाता है।
- ✓ 4. संदमक, एंजाइम के आकार को परिवर्तित करके उसकी क्रियाशीलता में कमी कर देता है।

**Q.6** लैक्टिक अम्ल और एल्कोहॉली किण्वन में, ग्लूकोज से मुक्त ऊर्जा का प्रतिशत कितना होता है?

**Ans**
- ✓ 1. 7% से कम
- ✗ 2. 10% से अधिक लेकिन 20% से कम
- ✗ 3. लगभग 38%
- ✗ 4. 50% से अधिक

**Q.7** किसी पदार्थ द्वारा प्रकाश की विभिन्न तरंगदैर्घ्यों के अवशोषण की मात्रा के चित्रात्मक निरूपण को उस पदार्थ का अवशोषण स्पेक्ट्रम कहा जाता है। क्लोरोफिल वर्णक, _____ में अधिकतम प्रकाश अवशोषित करते हैं।

**Ans**
- ✗ 1. दृश्यमान स्पेक्ट्रम के लाल और हरे क्षेत्र
- ✗ 2. दृश्यमान स्पेक्ट्रम के नीले और पीले क्षेत्र
- ✓ 3. दृश्यमान स्पेक्ट्रम के नीले और लाल क्षेत्र
- ✗ 4. दृश्यमान स्पेक्ट्रम के पीले और हरे क्षेत्र

**Q.8** एंजाइम की गतिविधि का संदमन करने वाले तथा अपनी आण्विक संरचना में क्रियाधार के साथ निकट सादृश्य दर्शाने वाले संदमक को _____ कहा जाता है।

**Ans**
- ✗ 1. मिश्रित संदमक (mixed inhibitor)
- ✗ 2. गैर-स्पर्धी संदमक (non-competitive inhibitor)
- ✗ 3. अप्रतिस्पर्धी संदमक (uncompetitive inhibitor)
- ✓ 4. स्पर्धी संदमक (competitive inhibitor)

**Q.9** RuBP, रुबिस्को (Rubisco) एंजाइम की सक्रियता द्वारा कार्बन डाइऑक्साइड से जुड़ता है। दिए गए विकल्पों में से रुबिस्को का धात्विक सहकारक चुनिए।

**Ans**
- ✗ 1. कैल्शियम
- ✓ 2. मैग्नीशियम
- ✗ 3. जिंक
- ✗ 4. मैंगनीज

**Q.10** C3 चक्र का सही अनुक्रम क्या है?

**Ans**
- ✗ 1. कार्बोक्सिलीकरण-अपचयन-पुनर्जनन-अपचयन
- ✓ 2. कार्बोक्सिलीकरण-अपचयन-पुनर्जनन
- ✗ 3. पुनर्जनन-अपचयन-पुनर्जनन
- ✗ 4. कार्बोक्सिलीकरण-पुनर्जनन-अपचयन

**Q.11** प्ररोह के शीर्षों को हटाने या शीर्षोच्छेदन से पार्श्व कलिकाओं की वृद्धि तीव्र होती है, क्योंकि ऐसा होने पर _____ ।

**Ans**
- ✓ 1. ऑक्सिन का उत्पादन कम होता है
- ✗ 2. पार्श्व कलिकाओं में साइटोकाइनिन बढ़ता है
- ✗ 3. ऑक्सिन का उत्पादन बढ़ता है
- ✗ 4. जिबरेलिन का उत्पादन बढ़ता है

**Q.12** एंजाइमों को उनके कार्य के आधार पर कितने प्रमुख वर्गों में वर्गीकृत किया गया है?

**Ans**
- ✗ 1. 4
- ✗ 2. 7
- ✗ 3. 5
- ✓ 4. 6

**Q.13** कला के आर-पार आयनों की गति को _____ कहा जाता है ।

**Ans**
- ✓ 1. अभिवाह (Flux)
- ✗ 2. वाष्पीकरण (Evaporation
- ✗ 3. आकुंचन (Flex)
- ✗ 4. वाष्पोत्सर्जन (Transpiration)

**Q.14** हरितलवक इलेक्ट्रॉन परिवहन श्रृंखला का निम्नलिखित में से कौन-सा घटक, सीधे प्लास्टोसायनिन (PC) को इलेक्ट्रॉन दान करता है?

**Ans**
- ✗ 1. फेरेडॉक्सिन (Ferredoxin)
- ✗ 2. $NADP^+$ रिडक्टेज़ ($NADP^+$ reductase)
- ✓ 3. साइटोक्रोम b6f संकुल (Cytochrome b6f complex)
- ✗ 4. प्रकाशतंत्र I (Photosystem I)

**Q.15** निम्नलिखित में से कौन-सा, अंगक प्रकाश श्वसन में शामिल है?

**Ans**
- ✗ 1. हरितलवक, राइबोसोम और रिक्तिका
- ✓ 2. हरितलवक, परऑक्सीसोम और सूत्रकणिका
- ✗ 3. परऑक्सीसोम , ER, और गॉल्जी उपकरण
- ✗ 4. केंद्रक, हरितलवक और सूत्रकणिका

**Q.16** एंजाइम की सक्रियता को निम्नलिखित में से क्या बदल सकता है?

**Ans**
- ✓ 1. pH, तापमान, क्रियाधार सांद्रता में परिवर्तन
- ✗ 2. केवल pH
- ✗ 3. नियत क्रियाधार सांद्रता
- ✗ 4. केवल तापमान और pH

**Q.17** चक्रीय प्रकाश उपापचयन के संबंध में कौन-से कथन सत्य हैं?
**1. यह निम्न प्रकाश तीव्रता के दौरान होता है ।**
**2. इससे जल का प्रकाश-अपघटन होता है ।**
**3. इससे ADP का उपापचयन होता है ।**
**4. NADPH+H+, इस प्रक्रिया का एक उत्पाद है ।**

**Ans**
- ✗ 1. 3 और 4
- ✗ 2. 2 और 4
- ✓ 3. 1 और 3
- ✗ 4. 2 और 3

**Q.18** निम्नलिखित में से कौन-सा कोशिकांग, प्रकाश श्वसन में शामिल है?

**Ans**
- ✗ 1. हरितलवक, सूत्रकणिका और गॉल्जी सम्मिश्र
- ✓ 2. हरितलवक, सूत्रकणिका और परऑक्सिसोम
- ✗ 3. हरितलवक, सूत्रकणिका और रसधानी
- ✗ 4. हरितलवक, सूत्रकणिका और लाइसोसोम

**Q.19** तापमान में वृद्धि का एंजाइम सक्रियता पर क्या प्रभाव पड़ता है?

**Ans**
- ✓ 1. एंजाइम सक्रियता इष्टतम तापमान तक बढ़ती है।
- ✗ 2. एंजाइम सक्रियता अनिश्चित काल तक घटती है।
- ✗ 3. एंजाइम सक्रियता अनिश्चित काल तक बढ़ती है।
- ✗ 4. एंजाइम सक्रियता अपरिवर्तित रहती है।

**Q.20** निम्नलिखित में से कौन-सा एंजाइम वर्ग, अभिक्रिया के दो क्रियाधारों के मध्य ऑक्सीकरण-अपचयन (oxidoreduction) को उत्प्रेरित करता है?

**Ans**
- ✗ 1. आइसोमेरेज (Isomerases)
- ✗ 2. लायेज (Lyases)
- ✗ 3. ट्रांसफेरेज (Transferases)
- ✓ 4. ऑक्सिडोरिडक्टेज (Oxidoreductases)

Section : **Discipline3**

**Q.1** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, मानव शरीर में लसीका की संरचना और कार्य का सही वर्णन करता है?

**Ans**
- ✗ 1. लसीका मुख्यतः पाचक एंजाइमों और हार्मोनों से बनी होती है, और यह मुख्य रूप से पाचन और चयापचय विनियमन में कार्य करती है।
- ✓ 2. लसीका मुख्य रूप से श्वेत रक्त कोशिकाओं, काइल और प्रोटीन से बनी होती है, और यह अंतराकाशी द्रव से बाह्य जीवों और अन्य पदार्थों को हटाकर इनसे शरीर की रक्षा करती है।
- ✗ 3. लसीका मुख्य रूप से कार्बन डाइऑक्साइड और यूरिया से बनी होती है, और यह मुख्य रूप से चयापचय अपशिष्ट को उत्सर्जित करने का कार्य करती है।
- ✗ 4. लसीका मुख्य रूप से लाल रक्त कोशिकाओं और प्लेटलेट्स से बनी होती है, और यह मुख्य रूप से ऊतकों तक ऑक्सीजन पहुंचाने का कार्य करती है।

**Q.2** वृक्क अश्मरी (kidney stone) की उपस्थिति द्वारा अभिलक्षित उत्सर्जन तंत्र का एक सामान्य विकार निम्नलिखित में से कौन-सा है?

**Ans**
- ✓ 1. रीनल कैलकुली (Renal Calculi)
- ✗ 2. सिस्टाइटिस (Cystitis)
- ✗ 3. ग्लोमेरुलोनेफ्राइटिस (Glomerulonephritis)
- ✗ 4. पायलोनेफ्राइटिस (Pyelonephritis)

**Q.3** निम्नलिखित में से कौन-सा हार्मोन, शरीर के चयापचय और ऊर्जा स्तर को मुख्य रूप से नियमित करने के लिए उत्तरदायी है?

**Ans**
- ✓ 1. थाइरॉक्सिन (Thyroxine)
- ✗ 2. एस्ट्रोजन (Estrogen)
- ✗ 3. इन्सुलिन (Insulin)
- ✗ 4. कोर्टिसॉल (Cortisol)

**Q.4** शिशु के दूध पीते समय, ऑक्सीटोसिन किन कोशिकाओं को संकुचित करता है, जिसके फलस्वरूप एल्वियोली से दूध, वाहिनियों (ducts) में पहुँचता है?

**Ans**
- ✗ 1. अग्न्याशयी कोशिकाएं
- ✗ 2. उपास्थि कोशिकाएं
- ✗ 3. यकृतीय कोशिकाएं
- ✓ 4. पेशी उपकला कोशिकाएं

**Q.5** मनुष्यों में, गर्भ के जन्म के समय या उससे पूर्व, वृषण के उदर से वृषणकोष में अवरोहण की विफलता को क्या कहा जाता है?

**Ans**
- ✗ 1. अंतर्गर्भाशय अस्थानता (Endometriosis)
- ✗ 2. रक्तमेह (Hematuria)
- ✗ 3. पुरःस्थ शोथ (Prostatitis)
- ✓ 4. गुप्त वृषणता (Cryptorchidism)

**Q.6** **महिला जनन अक्षमता (female infertility) का सबसे सामान्य कारण क्या है?**

**Ans**
- ✗ 1. अंतर्गर्भाशय-अस्थनता
- ✓ 2. पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (PCOS)
- ✗ 3. गर्भाशय संक्रमण
- ✗ 4. डिम्बवाहिनी अवरोधन

**Q.7** **निम्नलिखित में से कौन-सा जंतु, श्वसन के लिए श्वास प्रणाल नलिका का उपयोग करता है?**

**Ans**
- ✗ 1. सरीसृप
- ✓ 2. कीट
- ✗ 3. उभयचर
- ✗ 4. मछली

**Q.8** **फ्लोएम (phloem) के माध्यम से कार्बनिक विलेय के परिवहन के संबंध में, स्रोत-सिंक संबंध _____ है।**

**Ans**
- ✗ 1. पादप की आवश्यकता से स्वतंत्र
- ✓ 2. परिवर्तनशील और द्विदिशात्मक
- ✗ 3. ऋतु पर निर्भर नहीं करता
- ✗ 4. निश्चित और अनिवार्य रूप से एकदिशात्मक

**Q.9** **पाचन में अग्न्याशय की क्या भूमिका होती है?**

**Ans**
- ✗ 1. भोजन को यांत्रिक रूप से विघटित करना
- ✓ 2. आंत्र में, भोजन के पाचन में सहायक एंजाइमों का स्रावण करना
- ✗ 3. पोषक तत्वों का अवशोषण करना
- ✗ 4. पित्त का निर्माण करना

**Q.10** **ऐल्डोस्टेरोन (Aldosterone), पुनः अवशोषण द्वारा वल्कुटी संग्रहण नलिकाओं में निम्नलिखित में से किसकी वृद्धि करता है?**

**Ans**
- ✗ 1. कॉपर
- ✗ 2. पोटैशियम
- ✗ 3. आयरन
- ✓ 4. सोडियम

**Q.11** **निम्नलिखित में से कौन-सा कारक, किशोरों में यौन व्यवहार को प्रभावित करने से प्रायः संबद्ध नहीं है?**

**Ans**
- ✗ 1. माता-पिता का मार्गदर्शन
- ✗ 2. सामाजिक-आर्थिक स्थिति
- ✗ 3. साथियों का दबाव
- ✓ 4. तंबाकू का सेवन

**Q.12** **निम्नलिखित में से कौन-सी संरचना, शारीरिक प्रक्रियाओं को नियमित करने हेतु मुख्य रूप से तंत्रिका और अंतःस्रावी तंत्र को एकीकृत करने के लिए उत्तरदायी होती है?**

**Ans**
- ✗ 1. पिनियल ग्रंथि (Pineal gland)
- ✗ 2. अधिवृक्क प्रांतस्था (Adrenal cortex)
- ✓ 3. अधश्चेतक (Hypothalamus)
- ✗ 4. पीयूष ग्रंथि (Pituitary gland)

**Q.13** **रक्तमेह (Haematuria) एक ऐसी अवस्था है, जो मूत्र में _____ की उपस्थिति को इंगित करती है।**

**Ans**
- ✗ 1. ग्लूकोज
- ✓ 2. रक्त
- ✗ 3. प्रोटीन
- ✗ 4. जीवाणु

**Q.14** **निम्नलिखित में से कौन-सा, शराब के सेवन का सामान्य प्रभाव नहीं है?**

**Ans**
- ✗ 1. यकृत सिरोसिस के जोखिम में वृद्धि (Increased risk of liver cirrhosis)
- ✓ 2. वर्धित संज्ञानात्मक क्षमताएँ (Enhanced cognitive abilities)
- ✗ 3. बाधित मोटर समन्वय (Impaired motor coordination)
- ✗ 4. प्रावरोध में कमी (Decreased inhibitions)

**Q.15** मूत्र निर्माण के प्रक्रम में, ग्लूकोस का अधिकतम पुनः अवशोषण _____ में होता है।

**Ans**
- ✗ 1. दूरस्थ संवलित नलिका (distal convoluted tubule)
- ✗ 2. हेनले लूप (loop of Henle)
- ✓ 3. निकटस्थ संवलित नलिका (proximal convoluted tubule)
- ✗ 4. संग्रहक वाहिनी (collecting duct)

**Q.16** मानव शरीररचना विज्ञान के संदर्भ में, किस प्रकार की गति की पहचान शरीर की मध्य रेखा से दूर जाने वाले अंग (limb) से की जाती है?

**Ans**
- ✗ 1. प्रसार (Extension)
- ✗ 2. अभिवर्तन (Adduction)
- ✗ 3. आकुंचन (Flexion)
- ✓ 4. अपावर्तन (Abduction)

**Q.17** पुष्पीय पौधों में प्राथमिक भ्रूणपोष कोशिका _____ बनती है।

**Ans**
- ✗ 1. बिना संलयन के (without fusion)
- ✗ 2. चतु: संलयन के बाद (after quadruple fusion)
- ✗ 3. द्विक संलयन के बाद (after double fusion)
- ✓ 4. त्रिसंलयन के बाद (after triple fusion)

**Q.18** प्रयोगशाला में भ्रूण निर्माण के लिए किस विशेष प्रक्रिया का उपयोग किया जाता है जिसमें शुक्राणु को सीधे अंडाणु में इंजेक्ट किया जाता है?

**Ans**
- ✗ 1. कृत्रिम शुक्रसेचन (Artificial insemination)
- ✗ 2. अंतर्गर्भाशयी शुक्रसेचन (Intra-uterine insemination)
- ✗ 3. इन-विवो निषेचन (In-vivo fertilization)
- ✓ 4. अंतःकोशिकीय शुक्राणु इंजेक्शन (Intra cytoplasmic sperm injection)

**Q.19** निम्न प्रकाश तीव्रताओं के दौरान, केवल चक्रीय प्रकाशीय फॉस्फोरिलीकरण (cyclic photophosphorylation) होता है। चक्रीय प्रकाशीय फॉस्फोरिलीकरण अधिकांशतः _____ में होता है।

**Ans**
- ✗ 1. ग्रेना लैमेली (grana lamellae)
- ✗ 2. माइटोकॉन्ड्रिया (mitochondria)
- ✗ 3. थाइलेकॉयड ल्यूमेन (thylakoid lumen)
- ✓ 4. स्ट्रोमा लैमेली (stroma lamellae)

**Q.20** वयस्कों में वृक्क प्रतिरोपण (kidney transplantation) के लिए सबसे सामान्य संकेत निम्नलिखित में से क्या है?

**Ans**
- ✗ 1. अल्परक्तदाब (Hypotension)
- ✓ 2. अंतिम-अवस्था वृक्क रोग (End-stage renal disease)
- ✗ 3. वृक्काश्मरी (Renal Calculi)
- ✗ 4. वृक्क शूल (Renal Colic)

Section : **Discipline4**

**Q.1** वंशावली चार्ट में, नर और मादा को जोड़ने वाली क्षैतिज रेखाएं और युग्म से नीचे की ओर विस्तारित ऊर्ध्वाधर रेखाएं क्रमशः _____ को निरूपित करती हैं।

**Ans**
- ✗ 1. बच्चे और संगम (children and mating)
- ✗ 2. प्रभावित व्यक्ति और सहोदर (affected individual and siblings)
- ✗ 3. सहोदर और बच्चे (siblings and children)
- ✓ 4. संगम और बच्चे (mating and children)

**Q.2** ब्लास्टोमियर की किस अवस्था में युग्मनज को युग्मनज अंत: डिम्बवाहिनी स्थानांतरण (ZIFT) द्वारा डिम्बवाहिनी नली में स्थानांतरित किया जाता है?

**Ans**
- ✗ 1. 16 ब्लास्टोमियर पर
- ✗ 2. 8 ब्लास्टोमियर से अधिक
- ✗ 3. 24 ब्लास्टोमियर पर
- ✓ 4. 8 ब्लास्टोमियर तक

**Q.3** एक द्विसंकर पौधे (AaBb) से संबंधित संकर परीक्षण में, यदि जीन स्वतंत्र रूप से मिश्रित होते हैं, तो लक्षणप्ररूपी अनुपात क्या होगा?

**Ans**
- ✔ 1. 1 : 1 : 1 : 1
- ✘ 2. 3 : 1
- ✘ 3. 1 : 2 : 1
- ✘ 4. 9 : 3 : 3 : 1

**Q.4** निम्नलिखित में से कौन-सा लिंग-सहलग्नी वंशागति का एक उदाहरण है?

**Ans**
- ✔ 1. लाल और हरे रंग संबंधी वर्णान्धता
- ✘ 2. दात्र कोशिका अरक्तता
- ✘ 3. मांसपेशीय दुर्विकास
- ✘ 4. फ़ेनिलकीटोनमेह

**Q.5** ग्रेगर मेंडल ने मटर के पौधों पर अपने प्रयोगों के लिए विपरीत लक्षणों वाले सात युग्मों का चयन किया। मेंडल द्वारा चुना गया निम्नलिखित में से कौन-सा विशेषक, उनके प्रयोगों में प्रभावी विशेषक सिद्ध हुआ?

**Ans**
- ✔ 1. अक्षीय पुष्प स्थिति
- ✘ 2. अंतस्थ पुष्प स्थिति
- ✘ 3. पीला फली का रंग
- ✘ 4. हरा बीज रंग

**Q.6** घटनाओं का वह क्रम जो किसी जीव में किसी उद्दीपन के प्रति प्रतिक्रिया की अभिव्यक्ति की ओर ले जाता है, _____ कहलाता है।

**Ans**
- ✘ 1. एनाबोलिक पथ (Anabolic pathways)
- ✘ 2. उपापचयी पथ (Metabolic pathways)
- ✘ 3. एम्फीबोलिक पथ (Amphibolic pathways)
- ✔ 4. संकेत पारक्रमण पथ (Signal transduction pathways)

**Q.7** 1970 में, किस वैज्ञानिक ने सूत्रकणिका (mitochondria) के बारे में एंडोसिम्बायोटिक परिकल्पना प्रस्तावित की थी?

**Ans**
- ✘ 1. ई. ज़ुकरकैंडल (E Zuckerkandl)
- ✘ 2. थॉम्पसन (Thompson)
- ✔ 3. लिन मार्गुलिस (Lynn Margulis)
- ✘ 4. मार्गोलियाश (Margoliash)

**Q.8** गेहूँ के दाने का रंग _____ का एक उदाहरण है।

**Ans**
- ✘ 1. संपूरक वंशागति (Supplementary Inheritance)
- ✘ 2. पूरक वंशागति (Complementary Inheritance)
- ✘ 3. अध्यंतरी वंशागति (Epistasis Inheritance)
- ✔ 4. बहुजीनी वंशागति (Polygenic Inheritance)

**Q.9** गर्भ एवं भ्रूणीय जननग्रंथि (embryonic gonads) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

**Ans**
- ✘ 1. मादा जननग्रंथि, मध्यवृक्क वाहिनी से विकसित होती है जो नर प्रजनन तंत्र के निर्माण में भी शामिल होती है।
- ✔ 2. नर और मादा दोनों में जननग्रंथि प्रारंभ में एक ही भ्रूणीय ऊतक से विकसित होती है।
- ✘ 3. Y गुणसूत्र के प्रभाव की अनुपस्थिति में, उदासीन जननग्रंथि वृषण में विकसित होती है।
- ✘ 4. नर जननग्रंथि का विकास मुलेरी वाहिनी के निर्माण से प्रारंभ होता है, जो अंततः अधिवृषण बन जाती है।

**Q.10** किसी समष्टि में, एलील आवृत्तियों (allele frequency) में परिवर्तन क्या दर्शाता है?

**Ans**
- ✘ 1. मैथुन पूर्णतः यादृच्छिक है
- ✘ 2. समष्टि हार्डी वेनबर्ग साम्य में है
- ✔ 3. समष्टि में विकास हो रहा है
- ✘ 4. समष्टि आनुवंशिक रूप से स्थिर है

**Q.11** संकरण प्रयोग में यह पाया गया कि जीन A और C के बीच आनुवंशिक पुनर्योगज 3%, जीन B और C के बीच 12%, जीन A और B के बीच 15% तथा जीन A और D के बीच 19% थे। गुणसूत्र पर जीनों का क्रम क्या होगा?

**Ans**
- ✔ 1. A,C,B.D
- ✘ 2. A,B,D,C
- ✘ 3. A,D,B,C
- ✘ 4. A,B,C,D

**Q.12** निम्नलिखित में से किसने प्रस्तावित किया कि जीवन का पहला स्वरूप पूर्व-विद्यमान निर्जीव कार्बनिक अणुओं से उत्पन्न हो सकता है?

**Ans**
- ✔ 1. ओपेरिन और हाल्डेन (Oparin and Haldane)
- ✘ 2. कार्ल अर्नस्ट वॉन बेयर (Karl Ernst von Baer)
- ✘ 3. चार्ल्स डार्विन (Charles Darwin)
- ✘ 4. अर्नस्ट हेकेल (Ernst Heckel)

**Q.13** आनुवंशिक कूट के कूटवाचन हेतु, निरेनबर्ग (Nirenberg) ने निम्नलिखित में से किसका उपयोग नहीं किया था?

**Ans**
- ✔ 1. एंजाइम डीएनए पोलीमरेज़ III (Enzyme DNA Polymerase III)
- ✘ 2. प्रोटीन संश्लेषण की कोशिका मुक्त प्रणाली (Cell free system of protein synthesis)
- ✘ 3. एंजाइम न्यूक्लियोसाइड फ़ॉस्फोरिलेज (Enzyme Nucleoside phosphorylase)
- ✘ 4. रेडियोसक्रिय ऐमीनो अम्ल (Radioactive amino acids)

**Q.14** 1924 में किस वैज्ञानिक ने यह प्रतिपादित किया था कि अरबों वर्ष पूर्व प्राचीन पृथ्वी पर स्थितियाँ निश्चित रूप से वर्तमान स्थितियों से भिन्न थीं तथा जीवन का प्रथम रूप या स्व-प्रतिकृति कण रासायनिक निर्जीव या अजैविक पदार्थों से स्वतः उत्पन्न हुए थे?

**Ans**
- ✘ 1. लुई पाश्चर (Louis Pasteur)
- ✘ 2. वैन लीउवेनहॉक (Van Leeuwenhoek)
- ✔ 3. अलेक्जेंडर आई. ओपेरिन (Alexander I Oparin)
- ✘ 4. फ्रांसेस्को रेडी (Francesco Redi)

**Q.15** मेंडल ने मटर की कितनी तद्रूप प्रजनन किस्मों का चयन किया?

**Ans**
- ✘ 1. 24
- ✘ 2. 8
- ✘ 3. 2
- ✔ 4. 14

**Q.16** संक्रमण और विषमोत्परिवर्तन उत्परिवर्तन के बीच प्राथमिक अंतर क्या है?

**Ans**
- ✔ 1. क्षारक प्रतिस्थापन का प्रकार
- ✘ 2. घटना की आवृत्ति
- ✘ 3. उत्परिवर्तन की अवस्थिति
- ✘ 4. प्रोटीन कार्य पर प्रभाव

**Q.17** रामापिथेकस का पहला जीवाश्म (भंगुर ऊपरी जबड़ा) 1932 में जी. एडवर्ड लुईस द्वारा निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से बरामद किया गया था?

**Ans**
- ✘ 1. स्वार्टक्रांस, दक्षिण अफ्रीका
- ✘ 2. हादर, इथियोपिया
- ✘ 3. ताउंग विलेज, दक्षिण अफ्रीका
- ✔ 4. शिवालिक पहाड़ियाँ, भारत

**Q.18** DNA प्रोफाइलिंग में, निम्नलिखित में से किसके कारण यूनिक RFLP पैटर्न प्राप्त होते हैं?

**Ans**
- ✘ 1. ऑटोरेडियोग्राफी के लिए प्रयुक्त संपरीक्षक में अंतर
- ✔ 2. VNTR खंड के आकार में अंतर
- ✘ 3. दिए गए VNTR के विस्थल में अंतर
- ✘ 4. प्रयुक्त प्रतिबंधन एंडोन्यूक्लिएज में अंतर

**Q.19** प्रजनन आबादी में, विकल्पी आवृत्तियों में यादृच्छिक उच्चावचनों को क्या कहा जाता है?

**Ans**
- ✘ 1. अभिगमन दाब (Migration pressure)
- ✔ 2. आनुवंशिक विचलन (Genetic drift)
- ✘ 3. संस्थापक प्रभाव (Founder effect)
- ✘ 4. अर्धसूत्रण प्रणोद (Meiotic drive)

**Q.20** निम्नलिखित में से किस प्रयोग ने इस विचार का समर्थन करने वाले साक्ष्य प्रदान किए कि जीवन के लिए आवश्यक कार्बनिक यौगिकों को पृथ्वी की प्राक्जीवीय स्थितियों के अंतर्गत एबोजेनिक (abiogenic) पदार्थों/अकार्बनिक अणुओं से संश्लेषित किया जा सकता है?

**Ans**
✗ 1. हर्शे-चेज़ प्रयोग (Hershey-Chase experiment)
✓ 2. मिलर-उरे प्रयोग (Miller-Urey experiment)
✗ 3. ग्रिफिथ प्रयोग (Griffith's experiment)
✗ 4. पाश्चर प्रयोग (Pasteur's experiment)

Section : **Discipline5**

**Q.1** कोशिका विभाजन के समसूत्रण (Mitosis) को _____ भी कहा जाता है।

**Ans**
✗ 1. मिश्रित विभाजन
✗ 2. मुक्त नाभिकीय विभाजन
✓ 3. सम विभाजन
✗ 4. न्यूनीकरणीय विभाजन

**Q.2** निम्नलिखित में से कौन-सा विटामिन, सहएंजाइम $NAD^+$ का पूर्वगामी है?

**Ans**
✗ 1. विटामिन $B_{12}$
✗ 2. विटामिन C
✗ 3. विटामिन $B_6$
✓ 4. विटामिन $B_3$

**Q.3** न्यूक्लियर पोर कॉम्प्लेक्स (nuclear pore complex) में, आयातकों और निर्यातकों द्वारा किस प्रकार का अभिगमन किया जाता है?

**Ans**
✓ 1. सक्रिय अभिगमन (Active transport)
✗ 2. निष्क्रिय विसरण (Passive diffusion)
✗ 3. सुकृत विसरण (Facilitated diffusion)
✗ 4. अंतःकोशिकता (Endocytosis)

**Q.4** पौधों के रोगजनकों को नियंत्रित करने के लिए जैव नियंत्रण एजेंट के रूप में सामान्यत: किस कवक का उपयोग किया जाता है?

**Ans**
✗ 1. एस्परजिलस
✓ 2. ट्राइकोडर्मा
✗ 3. फ्यूजेरियम
✗ 4. राइजोपस

**Q.5** क्रेब्स चक्र से संबंधित निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा युग्म इलेक्ट्रॉन परिवहन शृंखला में ऊर्जा उत्पन्न करता है?

**Ans**
✗ 1. $NADH_2$ और GTP
✓ 2. NADH और $FADH_2$
✗ 3. ATP और $NAD^+$
✗ 4. $FADH_2$ और ATP

**Q.6** बहुपट्टीय गुणसूत्रों की वह विशिष्ट विशेषता क्या है, जो उन्हें प्रकाश सूक्ष्मदर्शी के नीचे दिखने में सक्षम बनाती है?

**Ans**
✓ 1. खंडन के बिना प्रतिकृतीयन के कई राउंड
✗ 2. केंद्रकीय स्तरिका के साथ संगुणन
✗ 3. सूत्र केंद्र की उपस्थिति
✗ 4. संघनन का उच्च परिमाण

**Q.7** आनुवंशिक कूट के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

**Ans**
✓ 1. आनुवंशिक कूट त्रिगुणित, अपह्रासित, कॉमा रहित और असंदिग्ध होता है।
✗ 2. आनुवंशिक कूट एकक, अपह्रासित, कॉमा रहित और असंदिग्ध होता है।
✗ 3. आनुवंशिक कूट त्रिगुणित, जनित, कॉमा रहित और असंदिग्ध होता है।
✗ 4. आनुवंशिक कूट त्रिगुणित, अपह्रासित, कॉमा रहित और संदिग्ध होता है।

**Q.8** किसी अभिक्रिया की सक्रियण ऊर्जा के न्यूनन में एन्जाइम की प्राथमिक भूमिका क्या है?

**Ans**
- ✗ 1. उत्पादों की ऊर्जा में कमी करना
- ✓ 2. संक्रमण अवस्था को स्थिर करना
- ✗ 3. अभिकारकों की ऊर्जा में वृद्धि करना
- ✗ 4. अभिक्रिया के तापमान में वृद्धि करना

**Q.9** अणुजैविकी में, RAPD का सही पूर्ण रूप निम्नलिखित में से कौन-सा है?

**Ans**
- ✗ 1. Repetitive Amplification of DNA Polymorphism (रेपेटिटिव एम्प्लीफिकेशन ऑफ डीएनए पॉलीमोरफिज़्म)
- ✓ 2. Random Amplified Polymorphic DNA (रैंडम एम्प्लीफाइड पॉलीमॉर्फिक डीएनए)
- ✗ 3. Reverse Amplification of Primer-Derived DNA (रिवर्स एम्प्लीफिकेशन ऑफ प्राइमर-डेराइव्ड डीएनए)
- ✗ 4. Rapid Amplified Polymorphic DNA (रैपिड एम्प्लीफाइड पॉलीमॉर्फिक डीएनए)

**Q.10** तारकेंद्र के समीपस्थ क्षेत्र का केंद्रीय भाग प्रोटीनमय होता है, उसे क्या कहते हैं?

**Ans**
- ✗ 1. अरीय अर (Radial spokes)
- ✓ 2. धुरी (The hub)
- ✗ 3. आधारी काय (Basal body)
- ✗ 4. तर्कु-तंतु (Spindle fibres)

**Q.11** दिए गए विकल्पों में से किस विकल्प को छोड़कर, शेष सभी के द्वारा अणु झिल्ली के आर-पार बिना किसी ऊर्जा व्यय के निष्क्रिय रूप से गति करते हैं?

**Ans**
- ✗ 1. विसरण और परासरण द्वारा
- ✗ 2. केवल विसरण द्वारा
- ✗ 3. केवल परासरण द्वारा
- ✓ 4. केवल $Na^{+}$- $K^{+}$ पंप द्वारा

**Q.12** सूत्रीविभाजन के दौरान, सूत्र केंद्र का प्राथमिक कार्य क्या होता है?

**Ans**
- ✗ 1. नए DNA रज्जुक को संश्लेषित करना
- ✗ 2. सह-अर्धसूत्रों के पृथक्करण को सुविधाजनक बनाना
- ✗ 3. DNA क्षति की मरम्मत करना
- ✓ 4. गुणसूत्र से सूक्ष्मनलिकाओं के संलग्नक को विनियमित करना

**Q.13** निम्नलिखित में से कौन-सा एंजाइम, ऑक्सीकरणी फॉस्फोरिलन के माध्यम से ADP के ATP में रूपांतरण के लिए उत्तरदायी है?

**Ans**
- ✗ 1. ADP सिन्थेज़
- ✗ 2. ADP कार्बोक्सिलेज़
- ✓ 3. ATP सिन्थेज़
- ✗ 4. ATP कार्बोक्सिलेज़

**Q.14** निम्नलिखित में से किस वैज्ञानिक ने सिग्नलिंग अणु (signaling molecule) के रूप में NO की भूमिका पर कार्य किया?

**Ans**
- ✓ 1. रॉबर्ट एफ. फ़र्चगॉट, लुई जे. इग्नारो और फेरिड मुराद (Robert F. Furchgott, Louis J. Ignarro and Ferid Murad)
- ✗ 2. वाल्टर गेरिंग (Walter Gering)
- ✗ 3. रॉबर्ट हुक, लुई पाश्चर (Robert Hooke, Louis Pasteur )
- ✗ 4. प्रिब्नो, हॉगनेस और गोल्डबर्ग (Pribnow, Hogness and Goldberg)

**Q.15** निम्नलिखित में से कौन-सा कोएंजाइम, निकोटिनामाइड एडेनिन डाइन्यूक्लियोटाइड (NAD) की सक्रियता के लिए आवश्यक होता है?

**Ans**
- ✓ 1. नियासिन
- ✗ 2. कैल्सिफेरॉल
- ✗ 3. एस्कॉर्बिक एसिड
- ✗ 4. रेटिनॉल

**Q.16** निम्नलिखित में से किस सूक्ष्मदर्शी का उपयोग माइटोकॉन्ड्रिया, समसूत्री गुणसूत्रों एवं रिक्तिकाओं की गतिक गतिशीलता का अध्ययन करने के लिए किया जाता है?

**Ans**
- ✗ 1. संयुक्त प्रकाश सूक्ष्मदर्शी (Compound light microscope)
- ✓ 2. कला विपर्यासी सूक्ष्मदर्शी (Phase-contrast microscope)
- ✗ 3. दीप्त-क्षेत्र सूक्ष्मदर्शी (Bright-field microscope)
- ✗ 4. कॉंफोकल सूक्ष्मदर्शी (Confocal microscope)

**Q.17** निम्नलिखित में से कौन-सा एंजाइम, β-गैलेक्टोसिडेज का क्रियाधार है और ओपेरॉन के स्विच ऑन और ऑफ को नियंत्रित करता है?

**Ans**
- ✗ 1. सुक्रोज़ (Sucrose)
- ✗ 2. माल्टोज़ (Maltose)
- ✓ 3. लैक्टोज़ (Lactose)
- ✗ 4. फ्रक्टोज़ (Fructose)

**Q.18** निम्नलिखित में से किस हार्मोन में अक्ष की लंबाई बढ़ाने की क्षमता होती है और इसका उपयोग अंगूर के वृंत (grape stalks) की लंबाई बढ़ाने के लिए किया जाता है?

**Ans**
- ✗ 1. साइटोकाइनिन (Cytokinins)
- ✗ 2. एब्सिसिक एसिड (Abscisic acid)
- ✓ 3. जिबेरेलिन (Gibberellins)
- ✗ 4. ऑक्सिन (Auxins)

**Q.19** अर्धसूत्री विभाजन के दौरान B गुणसूत्र सामान्यतः किस प्रकार व्यवहार करते हैं?

**Ans**
- ✗ 1. वे A गुणसूत्रों के साथ युग्म बनाते हैं और सामान्य रूप से पृथक हो जाते हैं।
- ✓ 2. वे A गुणसूत्रों के साथ युग्म नहीं बनाते तथा अनियमित रूप से पृथक होते हैं।
- ✗ 3. वे अर्धसूत्री विभाजन के दौरान सदैव लुप्त हो जाते हैं।
- ✗ 4. वे सदैव एक ही ध्रुव पर पृथक हो जाते हैं।

**Q.20** स्टेरॉयड हार्मोन जैवसंश्लेषण के दर-सीमक चरण में, निम्नलिखित में से कौन-सा एंजाइम महत्वपूर्ण होता है?

**Ans**
- ✗ 1. 17β-हाइड्रॉक्सीस्टेरॉयड डिहाइड्रोजनेज़ (17β-Hydroxysteroid dehydrogenase)
- ✓ 2. कोलेस्ट्रॉल डेस्मोलेज़ (Cholesterol desmolase)
- ✗ 3. एरोमाटेज़ (Aromatase)
- ✗ 4. 5α-रिडक्टेज़ (5α-reductase)

Section : **Discipline6**

**Q.1** एक विशेष जलवायु में एक साथ रहने वाले पौधों और जंतुओं का एक विशिष्ट पारिस्थितिक समुदाय, जिसका एक विस्तृत भौगोलिक क्षेत्र में वितरण के साथ-साथ विशिष्ट स्वरूप होता है, क्या कहलाता है?

**Ans**
- ✗ 1. जैविक समुदाय (Biological community)
- ✓ 2. जीवोम (Biome)
- ✗ 3. जीवजात (Biota)
- ✗ 4. फेन (Fens)

**Q.2** अब तक निर्मित पहला पारजीनी जीव कौन-सा है?

**Ans**
- ✗ 1. पारजीनी गाय
- ✓ 2. पारजीनी चूहा
- ✗ 3. पारजीनी चूजा
- ✗ 4. पारजीनी बकरी

**Q.3** कॉस्मिड वेक्टर का मुख्य लाभ क्या है?

**Ans**
- ✗ 1. वे छोटे DNA खंडों का क्लोन बना सकते हैं।
- ✓ 2. वे बड़े DNA खंडों का क्लोन बना सकते हैं।
- ✗ 3. उनके पास कई ori स्थल होते हैं।
- ✗ 4. उनका उपयोग जीन अभिव्यक्ति के लिए किया जा सकता है।

**Q.4** कीट प्रतिरोध के लिए तैयार किए गए आनुवंशिक रूप से संशोधित जीवों (GMO) में, मुख्यतः किस श्रेणी के यौगिक होते हैं?

**Ans**
- ✓ 1. विशिष्ट कीटों को मारने वाले आविष
- ✗ 2. कीटों के वृद्धि कारक
- ✗ 3. कीट हार्मोन
- ✗ 4. प्रतिजैविक

**Q.5** कौन-सी प्रजनन विधि में, आनुवंशिक रूप से समरूप पादपों का बड़ी संख्या में उत्पादन करने के लिए ऊतक संवर्धन तकनीकों का उपयोग शामिल है?

**Ans**
- ✗ 1. पारंपरिक प्रजनन
- ✓ 2. सूक्ष्मप्रवर्धन
- ✗ 3. संकर प्रजनन
- ✗ 4. उत्परिवर्ती प्रजनन

**Q.6** दी गई घटनाओं में से किसमें जीन का या तो उनके संबंधित mRNA के निम्नीकरण/क्षरण के माध्यम से या उसके mRNA के अनुवाद को अवरुद्ध करने के माध्यम से प्रशमन किया जाता है?

**Ans**
- ✗ 1. अकूटन RNA (Non-coding RNA)
- ✗ 2. राइबोस्विच (Riboswitches)
- ✗ 3. RNA-mRNA अन्योन्यक्रिया (RNA-mRNA interactions)
- ✓ 4. RNA व्यतिकरण (RNA interference)

**Q.7** विभिन्न प्रयोजनों के लिए पौधों की किस्मों में सुधार करने हेतु सबसे पारंपरिक विधि _____ है, जो अभी भी बहुत उपयोगी है तथा जिसमें अपार संभावनाएं हैं।

**Ans**
- ✗ 1. उत्परिवर्ती प्रजनन (Mutation Breeding)
- ✗ 2. आनुवंशिक इंजीनियरी (Genetic Engineering)
- ✗ 3. पादप प्रवेशन (Plant Introduction)
- ✓ 4. संकरण (Hybridization)

**Q.8** निम्नलिखित कथनों के संबंध में सही विकल्प का चयन कीजिए।

**कथन I: रोगजनक जीवों के संदर्भ में, प्रतिजैविक का अर्थ 'प्रो-लाइफ (Pro-life)' है।**
**कथन II: सैकैरोमाइसीज सेरेविसी (Saccharomyces cerevisiae) का उपयोग, अंग प्रत्यारोपण के रोगियों में प्रतिरक्षानिरोधी कर्मक (immunosuppressive agent) के उत्पादन में किया जाता है।**

**Ans**
- ✗ 1. कथन I और II दोनों सही हैं
- ✗ 2. कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है
- ✓ 3. कथन I और II दोनों गलत हैं
- ✗ 4. कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है

**Q.9** ELISA आमापन का प्रमुख घटक क्या है?

**Ans**
- ✗ 1. DNA पॉलिमरेज़
- ✓ 2. एंजाइम-बद्ध एंटीबॉडी
- ✗ 3. आरएनए (RNA)
- ✗ 4. लिपिड कला

**Q.10** दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प एंटीजन-एंटीबॉडी अंतः क्रिया के सिद्धांत पर आधारित है?

**Ans**
- ✗ 1. पॉलिमरेज़ शृंखला अभिक्रिया (Polymerase Chain Reaction)
- ✗ 2. सदर्न शोषण (Southern blotting)
- ✓ 3. एन्ज़ाइम संलग्न इम्यूनो-सॉर्बेंटआमापन (Enzyme Linked Immuno-sorbent Assay)
- ✗ 4. नॉर्दर्न शोषण (Northern blotting)

**Q.11** मनुष्यों पर प्रयोग से पूर्व वैक्सीन के सुरक्षा परीक्षण के लिए, निम्नलिखित में से किसे विकसित किया जा रहा है?

**Ans**
- ✗ 1. ट्रांसजेनिक कुत्ते (Transgenic dogs)
- ✓ 2. ट्रांसजेनिक चूहें (Transgenic mice)
- ✗ 3. ट्रांसजेनिक बिल्ली (Transgenic cats)
- ✗ 4. ट्रांसजेनिक घोड़े (Transgenic horses)

**Q.12** किसी आवास में पादप अनुक्रमण के दौरान, आनुक्रमिक क्रमकी चरणों (successive seral stages) में निम्नलिखित में से कौन-सा परिवर्तन होता है?

**Ans**
- ✗ 1. प्रजातियों की संख्या बढ़ती है, लेकिन कुल जैवभार घटता है।
- ✗ 2. कुल जैवभार बढ़ता है, लेकिन प्रजातियों की विविधता स्थिर रहती है।
- ✓ 3. प्रजातियों की विविधता और कुल जैवभार दोनों बढ़ते हैं।
- ✗ 4. कुल जैवभार स्थिर रहता है, लेकिन प्रजातियों की विविधता बढ़ती है।

**Q.13** जैव मात्रा उत्पादकता और मापनीयता की सीमाओं के कारण निम्नलिखित में से किसके, एकल कोशिका प्रोटीन (SCP) के संधारणीय स्त्रोत के रूप में कृष्ट किए जाने की संभावना नहीं है?

**Ans**
- ✗ 1. मिथाइलोफिलस मिथाइलोट्रोफस (Methylophilus methylotrophus)
- ✓ 2. मशरूम (Mushrooms)
- ✗ 3. कैंडिडा यूटिलिस (Candida utilis)
- ✗ 4. स्पाइरुलिना (Spirulina)

**Q.14** जैविक उपचार में, कवक तंतुओं से संबद्ध जीवाणुओं के समूह, जाल जैसी संरचनाएं बनाते हैं, उसे किस नाम से जाना जाता है?

**Ans**
- ✗ 1. अवायवीय सूक्ष्मजीव फ्लोक (Anaerobic microbes flocs)
- ✗ 2. जैव रासायनिक ऑक्सीजन मांग सक्रियक (Biochemical oxygen demand activators)
- ✓ 3. वायवीय सूक्ष्मजीव फ्लोक (Aerobic microbes flocs)
- ✗ 4. अवायवीय आपंक पाचित्र (Anaerobic sludge digesters)

**Q.15** अर्ध-बौनी (Semi- dwarf) चावल की किस्में _____ से प्राप्त की गई थीं।

**Ans**
- ✗ 1. LM-6
- ✗ 2. HR-20
- ✓ 3. IR-8
- ✗ 4. LR-50

**Q.16** निम्नतापीय परिरक्षण (cryopreservation) का उपयोग प्रायः किसके भंडारण के लिए किया जाता है?

**Ans**
- ✗ 1. दवाओं के
- ✓ 2. जैविक पदार्थों जैसे कोशिकाओं, ऊतकों और युग्मकों के
- ✗ 3. रसायनों के
- ✗ 4. खाद्य पदार्थों के

**Q.17** ऐसे पौधे, बैक्टीरिया, कवक और जंतु जिनके जीन में हेरफेर करके परिवर्तन किया गया हो, उन्हें _____ कहा जाता है।

**Ans**
- ✗ 1. आनुवंशिक रूप से उत्परिवर्तित जीव
- ✗ 2. चयनित रूप से प्रजनित संकर
- ✓ 3. आनुवंशिक रूप से संशोधित जीव
- ✗ 4. क्लोनल समष्टि

**Q.18** RNAi प्रौद्योगिकी का एक संभावित अनुप्रयोग क्या है?

**Ans**
- ✗ 1. कोशिका विभाजन में वृद्धि
- ✓ 2. रोग जनक जीनों का शमन
- ✗ 3. पौधों में प्रकाश संश्लेषण को बढ़ाना
- ✗ 4. कैंसर के विकास को उद्दीपित करना

**Q.19** वाहितमल उपचार (sewage treatment) के किस चरण में, सूक्ष्मजीवों द्वारा कार्बनिक पदार्थों का विघटन होता है?

**Ans**
- ✗ 1. तृतीयक उपचार
- ✗ 2. प्राथमिक उपचार
- ✗ 3. आपंक प्रसंस्करण
- ✓ 4. द्वितीयक उपचार

**Q.20** निम्नलिखित में से कौन-सा विधियों का एक संग्रह है जो किसी बच्चे/भ्रूण में निदान किए गए जीन दोष के सुधार की सुविधा देता है, जहां किसी रोग का उपचार करने के लिए जीन को किसी व्यक्ति की कोशिकाओं और ऊतकों में प्रविष्ट किया जाता है?

**Ans**
- ✓ 1. जीन चिकित्सा
- ✗ 2. सूक्ष्मप्रवर्धन
- ✗ 3. पुनर्योगज DNA प्रौद्योगिकी
- ✗ 4. कायिक संकरण

Section : **Discipline7**

**Q.1** पारिस्थितिकी तंत्र को कितनी मूलभूत श्रेणियों में विभाजित किया गया है?

**Ans**
- ✗ 1. तीन
- ✓ 2. दो
- ✗ 3. चार
- ✗ 4. एक

**Q.2** केंचुआ की कौन-सी प्रजाति, प्रायः कृमिपालन में उपयोग की जाती है?

**Ans**
- ✗ 1. ऐलोलोबोफोरा क्लोरोटिका (Allolobophora chlorotica)
- ✗ 2. लम्ब्रिकस टेरेस्ट्रिस (Lumbricus terrestris)
- ✗ 3. डेंड्रोबेना ऑक्टेड्रा (Dendrobaena octaedra)
- ✓ 4. आइसेनिया फेटीडा (Eisenia fetida)

**Q.3** निम्नलिखित में से किस प्रकार की अतिसुग्राहिता (hypersensitivity) मुख्यतः IgE प्रतिरक्षी द्वारा माध्यित होती है, और अस्थमा तथा ऐनाफाइलेक्सिस (anaphylaxis) जैसी एलर्जी संबंधी प्रतिक्रियाओं से संबंधित होती है?

**Ans**
- ✗ 1. प्रकार IV
- ✓ 2. प्रकार I
- ✗ 3. प्रकार II
- ✗ 4. प्रकार III

**Q.4** नैदानिक परीक्षणों में मोनोक्लोनल एंटीबॉडी (monoclonal antibodies) का उपयोग करने का मुख्य उद्देश्य क्या है?

**Ans**
- ✓ 1. किसी एक एकल एंटीजन को विशेष रूप से लक्षित करना और पहचानना
- ✗ 2. संक्रमणों से सामान्य सुरक्षा प्रदान करना
- ✗ 3. प्राकृतिक प्रतिरक्षा अनुक्रियाओं को बढ़ाना
- ✗ 4. कई एंटीबॉडी के उत्पादन को प्रेरित करना

**Q.5** प्रतिजन के वे भाग जो प्रतिपिंड अणु या लसीकाणु ग्राही पर प्रतिजन-बंधन स्थल के साथ संयोजित होते हैं, उन्हें _____ कहा जाता है।

**Ans**
- ✗ 1. पुच्छ प्रक्षेत्र (Tail region)
- ✓ 2. प्रतिजन निर्धारक (Antigenic determinants)
- ✗ 3. मिनिजीन (Minigene)
- ✗ 4. हिंज प्रक्षेत्र (Hinge regions)

**Q.6** खतरनाक ठोस अपशिष्ट के उपचार हेतु सामान्यतः किस विधि का उपयोग किया जाता है?

**Ans**
- ✗ 1. भू-भरण (Landfilling)
- ✗ 2. खुला संनिक्षेप (Open dumping)
- ✗ 3. महासागर संनिक्षेप (Ocean dumping)
- ✓ 4. भस्मीकरण (Incineration)

**Q.7** वनरोपण से क्या आशय है?

**Ans**
- ✗ 1. उन क्षेत्रों में वृक्ष लगाना जहां पहले जंगल थे
- ✓ 2. उन क्षेत्रों में वृक्ष लगाना जहां पहले कभी भी जंगल नहीं थे
- ✗ 3. प्रकाष्ठ के लिए वृक्षों को काटना
- ✗ 4. वन भूमि को कृषि भूमि में परिवर्तित करना

**Q.8** जलीय और शुष्क क्षेत्रों में पादपों के अनुक्रमण को _____ कहा जाता है।

**Ans**
- ✓ 1. क्रमशः जलारंभी अनुक्रमण और शुष्कतारंभी अनुक्रमण
- ✗ 2. क्रमशः शुष्कतारंभी अनुक्रमण और लवणारंभी अनुक्रमण
- ✗ 3. क्रमशः शैलक्रमक अनुक्रमण और जलारंभी अनुक्रमण
- ✗ 4. क्रमशः शुष्कतारंभी अनुक्रमण और जलारंभी अनुक्रमण

**Q.9** निम्नलिखित में से कौन-सी तकनीक, प्रतिजन-प्रतिरक्षी अंतःक्रिया पर निर्भर करती है और प्रायः नमूने में विशिष्ट प्रोटीन का पता लगाने के लिए उपयोग की जाती है?

**Ans**
- ✗ 1. मास स्पेक्ट्रोमेट्री (Mass Spectrometry)
- ✗ 2. पॉलिमरेज चेन रिएक्शन (Polymerase Chain Reaction - PCR)
- ✗ 3. जेल इलेक्ट्रोफोरेसिस (Gel Electrophoresis)
- ✓ 4. एंजाइम-लिंक्ड इम्यूनोसॉर्बेंट एसे (Enzyme-Linked Immunosorbent Assay - ELISA)

**Q.10** स्थलीय पारिस्थितिकी तंत्र में, निम्नलिखित में से कौन, उच्चतम (highest) होगा?

**Ans**
- ✗ 1. द्वितीयक उत्पादकता (Secondary Productivity)
- ✓ 2. सकल प्राथमिक उत्पादकता (Gross Primary Productivity)
- ✗ 3. नेट सामुदायिक उत्पादकता (Net Community Productivity)
- ✗ 4. नेट प्राथमिक उत्पादकता (Net Primary Productivity)

**Q.11** नाभिकीय अपशिष्टों का पूर्व-उपचार किया जाना चाहिए और फिर उन्हें पृथ्वी की सतह से _____ नीचे, चट्टानों के भीतर दबे हुए परिरक्षित कंटेनरों में संग्रहित किया जाना चाहिए।

**Ans**
- ✗ 1. लगभग 100 मीटर
- ✓ 2. लगभग 500 मीटर
- ✗ 3. लगभग 200 मीटर
- ✗ 4. लगभग 300 मीटर

**Q.12** किसी जटिल प्रतिजन पर प्रतिरक्षात्मक रूप से सक्रिय क्षेत्रों को _____ कहा जाता है।

**Ans**
- ✓ 1. अधिस्थानिक
- ✗ 2. सहवर्धी
- ✗ 3. MHC-I
- ✗ 4. MHC-II

**Q.13** अठारहवीं और उन्नीसवीं सदी के दौरान, शहरों की वृद्धि के साथ यक्ष्मा (tuberculosis) फैला और औद्योगिक विश्व भर में तबाही मचा दी। इसे _____ के नाम से जाना गया।

**Ans**
- ✓ 1. ग्रेट व्हाइट प्लेग (Great white plague)
- ✗ 2. ग्रेट इन्फ्लूएंजा एपिडेमिक (Great Influenza epidemic)
- ✗ 3. ब्यूबोनिक प्लेग (Bubonic plague)
- ✗ 4. जस्टिनियन प्लेग (Plague of Justinian)

**Q.14** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, वायु प्रदूषण के योगवाही प्रभाव को सर्वोत्तम रूप से वर्णित करता है?

**Ans**
- ✓ 1. जब संयुक्त प्रदूषक अपेक्षा से अधिक विषाक्त प्रभाव उत्पन्न करते हैं।
- ✗ 2. जब दो प्रदूषक एक दूसरे को निष्प्रभावित कर देते हैं।
- ✗ 3. जब दो प्रदूषकों का एक साथ प्रभाव, अकेले प्रदूषक के प्रभाव से कम होता है।
- ✗ 4. जब केवल एक प्रदूषक सक्रिय हो और दूसरा निष्क्रिय हो।

**Q.15** निम्नलिखित में से किसे उत्प्रेरक परिवर्तकों (catalytic converters) के रूप में उपयोग नहीं किया जाता है, जो जहरीली गैसों के उत्सर्जन की मात्रा को कम करने के लिए ऑटोमोबाइल (automobile) में स्थापित किया जाता है?

**Ans**
- ✗ 1. रोडियम (Rhodium)
- ✓ 2. स्ट्रॉन्शियम (Strontium)
- ✗ 3. पैलेडियम (Palladium)
- ✗ 4. प्लैटिनम (Platinum)

**Q.16** निम्नलिखित में से किस जीव को अपरदाहारी (detritivore) माना जाता है, जो अपरद को छोटे-छोटे कणों में विभक्त करके पोषक चक्रण में सहायक होता है?

**Ans**
- ✗ 1. नॉस्टॉक (Nostoc)
- ✗ 2. प्लाज्मोडियम वाइवैक्स (Plasmodium vivax)
- ✗ 3. वॉल्वॉक्स (Volvox)
- ✓ 4. आइसेनिया फेटिडा (केंचुआ) (Eisenia fetida (Earthworm))

**Q.17** जल के इकाई आयतन में जल प्रदूषण का आकलन करने के लिए, पैरामीटर के रूप में किस जीव सूचकांक का उपयोग किया जाता है?

**Ans**
- ✓ 1. एशेरिशिया कोलाई (Escherichia coli)
- ✗ 2. स्ट्रेप्टोमाइसीज ग्रिसियस (Streptomyces griseus)
- ✗ 3. बैसीलस सब्टिलिस (Bacillus subtilis)
- ✗ 4. बैसिलस थूरिंजिएन्सिस (Bacillus thuringiensis)

**Q.18** उस नियम की पहचान कीजिए जो बताता है कि गर्म जलवायु की तुलना में ठंडी जलवायु में रहने वाली प्रजातियों की व्यष्टियाँ (individuals) बड़ी होती हैं।

**Ans**
- ✗ 1. एलन का नियम (Allen's rule)
- ✓ 2. बर्गमैन का नियम (Bergmann's Law)
- ✗ 3. शेल्फोर्ड का नियम (Shelford's Law)
- ✗ 4. लिंडमैन का नियम (Lindmann's rule)

**Q.19** निम्नलिखित में से किस एक को छोड़कर शेष सभी निवारक उपाय को अपनाकर, वायु प्रदूषण को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सकता है?

**Ans**
- ✓ 1. चिमनी और धुआं उत्सर्जित करने वाली भित्तियों का आकार मध्यम करके और उन्हें निचले स्तर रखकर के।
- ✗ 2. उत्सर्जन में कमी लाने के लिए, औद्योगिक प्रक्रियाओं और उपकरणों में परिवर्तन करके।
- ✗ 3. औद्योगिक क्षेत्रों के चारों ओर पेड़ों और झाड़ियों की एक चौड़ी पट्टी लगाकर।
- ✗ 4. उद्योगों द्वारा कम सल्फर वाले ईंधन का उपयोग करके।

**Q.20** निम्नलिखित में से कौन-सा, बाह्य-स्थाने संरक्षण का उदाहरण है?

**Ans**
- ✓ 1. वन्यजीव सफारी
- ✗ 2. पवित्र उपवन
- ✗ 3. जीवमंडल निचय
- ✗ 4. राष्ट्रीय उद्यान

Section : **Discipline8**

**Q.1** पौधों में, रोगों के प्रति पूर्ण प्रतिरोध आमतौर पर R जीन द्वारा नियंत्रित होता है, जो एक ऐसे विशेष प्रकार के प्रोटीन के लिए कूट करता है, जो प्रतिरोध प्रेरण की प्रक्रिया में मध्यस्थता करता है। R जीन द्वारा कूटबद्ध प्रोटीन की पहचान कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. साइक्लेज़ जैसे ग्राही
- ✗ 2. साइक्लिन आश्रित काइनेज़
- ✗ 3. साइक्लिन स्वतंत्र म्यूटेज
- ✓ 4. काइनेज़ जैसे ग्राही

**Q.2** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, औषधि में मूल कोशिकाओं (stem cells) के महत्वपूर्ण चिकित्सीय उपयोगों में से एक है?

**Ans**
- ✗ 1. जीन चिकित्सा
- ✓ 2. क्षतिग्रस्त ऊतकों का पुनर्जनन
- ✗ 3. सौन्दर्य सुधार
- ✗ 4. संक्रमणों का उपचार

**Q.3** वे रसायन जो भ्रूण के सामान्य विकास को बाधित करके जन्म दोष उत्पन्न करते हैं, _____ कहलाते हैं।

**Ans**
- ✗ 1. कैन्सरजन (Carcinogens)
- ✗ 2. समसूत्रजन (Mitogens)
- ✗ 3. उत्परिवर्तजन (Mutagens)
- ✓ 4. विरूपजनज (Teratogens)

**Q.4** अति-प्रसिद्ध लेडीबर्ड बीटल (Ladybird beetle) का उपयोग, निम्नलिखित में से किस कीट से छुटकारा पाने के लिए किया जाता है?

**Ans**
- ✗ 1. मच्छर (Mosquitoes)
- ✓ 2. माहू (Aphids)
- ✗ 3. बैसिलस थूरिंजिएन्सिस (Bacillus Thuringiensis)
- ✗ 4. ट्राइकोडर्मा (Trichoderma)

**Q.5** बॉम्बिक्स मोराई (Bombyx mori) के जीवन चक्र का निम्नलिखित में से कौन-सा क्रम सही है?

**Ans**
- ✗ 1. लार्वा → प्यूपा → अंडा → कोकून → प्यूपा
- ✓ 2. अंडा → लार्वा → कोकून → प्यूपा → वयस्क
- ✗ 3. लार्वा → अंडा → प्यूपा → कोकून → वयस्क
- ✗ 4. अंडा → कोकून → लार्वा → प्यूपा → वयस्क

**Q.6** निम्नलिखित में से कौन-सा प्रोटीन, मुख्यतः रेशमकीटों द्वारा संश्लेषित होता है?

**Ans**
- ✔ 1. सेरिसिन (Sericin)
- ✘ 2. लाइपेज़ (Lipase)
- ✘ 3. हिमैटिन (Hematin)
- ✘ 4. प्रोटिएज (Protease)

**Q.7** फाइटोपैथोजेनिक सूक्ष्मजीव द्वारा उत्पादित निम्नलिखित में से कौन-सा आविष, अमोनिया की विषाक्त सांद्रता के संचय और हरितलवक के थायलेकॉइड कला के विनाश को प्रेरित करता है जिससे क्लोरोसिस होता है?

**Ans**
- ✘ 1. विक्टोरिन (Victorin)
- ✔ 2. टैबटॉक्सिन (Tabtoxin)
- ✘ 3. सर्कोस्पोरिन (Cercosporin)
- ✘ 4. फेज़ोलोटॉक्सिन (Phaseolotoxin)

**Q.8** निम्नलिखित में से कौन-सा रोग, वायरस से नहीं होता है?

**Ans**
- ✘ 1. पीला मोजेक (Yellow mosaic)
- ✔ 2. गेहूँ का भूरा रतुआ (Brown rust of wheat)
- ✘ 3. शलजम मोजेक (Turnip mosaic)
- ✘ 4. तंबाकू मोजेक (Tobacco mosaic)

**Q.9** कौन-सा कीट, प्रति सर्विंग में सर्वाधिक प्रोटीन अंश के लिए जाना जाता है?

**Ans**
- ✘ 1. टिड्डा (Grasshoppers)
- ✔ 2. झींगुर (Crickets)
- ✘ 3. चूर्ण भृंग (Mealworms)
- ✘ 4. रेशमकृमि (Silkworms)

**Q.10** इन-विट्रो फर्टिलाइजेशन (IVF) की प्रक्रिया के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा कालानुक्रमिक क्रम सही है?

**Ans**
- ✔ 1. अधिडिंबक्षरण → अंडजनाणु पुनर्प्राप्ति → निषेचन → भ्रूण स्थानांतरण
- ✘ 2. निषेचन → अधिडिंबक्षरण → अंडजनाणु पुनर्प्राप्ति → भ्रूण स्थानांतरण
- ✘ 3. अधिडिंबक्षरण → अंडजनाणु पुनर्प्राप्ति → भ्रूण स्थानांतरण → निषेचन
- ✘ 4. अंडजनाणु पुनर्प्राप्ति → भ्रूण स्थानांतरण → निषेचन → अधिडिंबक्षरण

**Q.11** कुक्कुट के भ्रूण विकास के दौरान कौन-सी बाह्य भ्रूण झिल्ली सबसे पहले प्रकट होती है?

**Ans**
- ✘ 1. अपरापोषिकीय (Allantoic)
- ✔ 2. पीतक कोष (Yolk sac)
- ✘ 3. जरायु (Chorion)
- ✘ 4. उल्ब (Amnion)

**Q.12** जेनोप्सिला चेओपिस (Xenopsylla cheopis), जोकि ब्यूबोनिक प्लेग का मुख्य संचारक है, में किस प्रकार का कायांतरण होता है?

**Ans**
- ✘ 1. क्रमिक कायांतरण
- ✔ 2. पूर्ण कायांतरण
- ✘ 3. अपूर्ण कायांतरण
- ✘ 4. कोई कायांतरण नहीं

**Q.13** शावकीजनन (paedogenesis), जननदों (gonads) के विकास एवं अन्यथा अपरिपक्व लार्वा या पूर्व-वयस्क प्राणी द्वारा संततियों के उत्पादन को संदर्भित करता है। निम्नलिखित में से कौन-सा, शावकीजनन को नहीं दर्शाता है?

**Ans**
- ✔ 1. मकड़ी (Spiders)
- ✘ 2. पिटिका मक्खी (Gall fly)
- ✘ 3. यकृत् पर्णाभ (Liver fluke)
- ✘ 4. सैलामैन्डर (Salamanders)

**Q.14** निम्नलिखित में से कौन-सा वर्मीकल्चर में केंचुओं की प्रजनन प्रक्रिया का सटीक वर्णन करता है?

**Ans**
- ✘ 1. केंचुए द्वि-खंडन द्वारा अलैंगिक रूप से प्रजनन करते हैं।
- ✘ 2. केंचुए अंडे देते हैं जो निषेचन की आवश्यकता के बिना लार्वा में विकसित हो जाते हैं।
- ✔ 3. केंचुए उभयलिंगी होते हैं तथा शुक्राणुओं के आदान-प्रदान के माध्यम से लैंगिक रूप से प्रजनन करते हैं।
- ✘ 4. केंचुए, हाइड्रा के समान मुकुलन द्वारा प्रजनन करते हैं।

**Q.15** दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, गेहूँ में काला तना किट्ट रोग का कारण बनने वाले कवक के अभिलक्षणिक स्पोर (characteristic spore) को व्यक्त करता है?

**Ans**
- ✗ 1. द्विकेन्द्रकीय ऐसियोस्पोर (Binucleated Aeciospores)
- ✓ 2. द्विकेन्द्रकीय यूरेडोस्पोर (Binucleated Uredospores)
- ✗ 3. एककेन्द्रकीय टेल्यूटोस्पोर (Uninucleated Teleutospores)
- ✗ 4. द्विकेन्द्रकीय पाइक्नियोस्पोर (Binucleated Pycniospores)

**Q.16** अमरबेल के पौधे द्वारा, किस प्रकार की परजीविता को प्रदर्शित किया जाता है?

**Ans**
- ✗ 1. अंतः और शाव परजीविता दोनों
- ✗ 2. केवल शाव परजीविता
- ✗ 3. केवल अंतः परजीविता
- ✓ 4. बाह्यपरजीविता

**Q.17** युग्मकजनन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

**Ans**
- ✗ 1. अंडजनन एक प्राथमिक अंडकोशिका से चार प्रकार्यात्मक अंडाणुओं का निर्माण करता है।
- ✓ 2. शुक्राणुजनन के परिणामस्वरूप एक प्राथमिक शुक्राणुकोशिका से चार प्रकार्यात्मक शुक्राणु कोशिकाएँ उत्पन्न होती हैं।
- ✗ 3. शुक्राणुजनन अंडाशय में होता है।
- ✗ 4. अंडजनन और शुक्राणुजनन दोनों समरूप प्रक्रियाएँ हैं।

**Q.18** निम्नलिखित में से कौन-सा कीट, भारत में सिट्रस पादपों को नुकसान पहुंचाता है?

**Ans**
- ✓ 1. पेपिलिओ डिमोलियस (Papilio demoleus)
- ✗ 2. गैलेरुसेला बिरमानिका (Galerucella birmanica)
- ✗ 3. कॉस्मोपॉलिट्स सॉर्डिडस (Cosmopolites sordidus)
- ✗ 4. एरियस विटेला (Earias vetella)

**Q.19** प्रेरित बहुसक्षम मूल कोशिकाओं (iPSCs) का प्राथमिक लाभ क्या है?

**Ans**
- ✓ 1. ये भ्रूणीय मूल कोशिकाओं से जुड़े नैतिक सरोकारों को नजरअंदाज कर देती हैं।
- ✗ 2. ये केवल विशिष्ट कोशिका प्रकारों में ही विभेदित हो सकती हैं।
- ✗ 3. ये भ्रूण से उत्पन्न हो सकती हैं।
- ✗ 4. वे केवल वयस्क ऊतकों में ही पाई जाती हैं।

**Q.20** निम्नलिखित में से कौन-सा, लाख के कीट का परजीवी नहीं है?

**Ans**
- ✗ 1. एरेन्चायर्टस डेविट्ज़ी (Erenchyrtus dewitzii)
- ✗ 2. पैरेन्कथ्रोड्राइनस क्लैविकॉर्निस (Parenchthrodryinus clavicornis)
- ✓ 3. ट्राइकोलिगा सोरबिलांस (Tricholyga sorbillans)
- ✗ 4. टैचर्डियाएफैगस टैचर्डिया (Tachardiaephagus tacchardiae)

Section : **Discipline9**

**Q.1** ANOVA और t -परीक्षण के बीच मुख्य अंतर क्या है?

**Ans**
- ✗ 1. ANOVA का प्रयोग प्रसरण की तुलना के लिए किया जाता है, जबकि t-परीक्षण का प्रयोग माध्य की तुलना के लिए किया जाता है।
- ✗ 2. ANOVA का प्रयोग माध्य की तुलना के लिए किया जाता है, जबकि t-परीक्षण का प्रयोग प्रसरण की तुलना के लिए किया जाता है।
- ✓ 3. ANOVA का प्रयोग तीन या अधिक समूहों के माध्य की तुलना करने के लिए किया जाता है, जबकि t-परीक्षण का प्रयोग दो समूहों के माध्य की तुलना करने के लिए किया जाता है।
- ✗ 4. ANOVA का प्रयोग दो समूहों की तुलना के लिए किया जाता है, जबकि t-परीक्षण का प्रयोग तीन या अधिक समूहों की तुलना के लिए किया जाता है।

**Q.2** निम्नलिखित में से कौन-सा घटक, कीमोथेरेपी (chemotherapy) के कारण बिम्बाणुअल्पता (thrombocytopenia) से पीड़ित रोगी के लिए सबसे उपयुक्त है?

**Ans**
- ✗ 1. ताजा हिमशीतित प्लाज्मा (Fresh frozen plasma)
- ✗ 2. संपूर्ण रक्त (Whole blood)
- ✗ 3. संकुलित लाल रक्त कोशिकाएं (Packed red blood cells)
- ✓ 4. बिंबाणु सांद्र (Platelet concentrate)

**Q.3** **RNA-अनुक्रम में, अनुक्रमण से पूर्व RNA को cDNA में परिवर्तित करने का प्राथमिक कारण क्या होता है?**

**Ans**

✔ 1. अनुक्रमण तकनीकें DNA-विशिष्ट होती हैं।

✘ 2. RNA, DNA से अधिक स्थिर होता है।

✘ 3. RNA में प्रतिकृतीयन की उच्च तदरूपता होती है।

✘ 4. RNA को खंडित नहीं किया जा सकता है।

**Q.4** **निम्नलिखित में से कौन-सा प्लेटफॉर्म अनुक्रमण-द्वारा-संश्लेषण में प्रयुक्त रिवर्सिबल डाई टर्मिनेटर केमिस्ट्री पर आधारित है?**

**Ans**

✘ 1. ऑक्सफोर्ड नैनोपोर MinION (Oxford Nanopore MinION)

✔ 2. इलुमिना HiSeq (Illumina HiSeq)

✘ 3. पैसिफिक बायोसाइंसेज SMRT (Pacific Biosciences SMRT)

✘ 4. SOLiD बाई एप्लाइड बायोसिस्टम्स (SOLiD by Applied Biosystems)

**Q.5** **निम्नलिखित में से किसने, स्टूडेंट'स टी-बंटन (student's t-distribution) को प्रस्तावित किया था?**

**Ans**

✘ 1. कार्ल पियर्सन (Karl Pearson)

✘ 2. फ्रांसिस गैल्टन (Francis Galton)

✔ 3. विलियम सीली गोस्से (William Sealy Gosset)

✘ 4. रोनाल्ड ए. फिशर (Ronald A Fisher)

**Q.6** **DNA सूक्ष्मव्यूह प्रयोग में सामान्यतः किस प्रकार के नमूने का उपयोग किया जाता है?**

**Ans**

✘ 1. प्रोटीन

✘ 2. लिपिड

✔ 3. RNA

✘ 4. उपापचयज

**Q.7** **निम्नलिखित में से कौन-सा रेडियोधर्मी समस्थानिक सामान्यतः रेडियोप्रतिरक्षा आमापन (Radioimmunoassay - RIA) में उपयोग किया जाता है?**

**Ans**

✔ 1. आयोडीन-125 (^125I)

✘ 2. फॉस्फोरस-32 (^32P)

✘ 3. ट्राइटियम (^3H)

✘ 4. कार्बन-14 (^14C)

**Q.8** **नमूने में लाल रक्त कोशिकाओं (RBCs) की गणना के लिए निम्नलिखित में से किस तरल का उपयोग किया जाता है?**

**Ans**

✘ 1. कार्नोय तरल (Carnoy's fluid)

✘ 2. सामान्य लवण विलयन (Normal saline)

✔ 3. हेम्स तरल (Hayemis fluid)

✘ 4. राइट अभिरंजक (Wright's stain)

**Q.9** **PCR प्रक्रिया में, कौन-सा एंजाइम महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है?**

**Ans**

✘ 1. उत्क्रमित ट्रांसक्रिप्टेज

✘ 2. लाइगेज

✔ 3. DNA पॉलिमरेज

✘ 4. RNA पॉलिमरेज

**Q.10** **किन जैव-तकनीकों का उपयोग करके, हम किसी नमूने में मौजूद विभिन्न DNA खंडों की जांच कर सकते हैं और ज्ञात आकारों के DNA खंडों से बने DNA सोपान (DNA ladder) की सहायता से उनका निरपेक्ष आकार निर्धारित कर सकते हैं?**

**Ans**

✘ 1. आयन-विनिमय वर्णलेखन (Ion-exchange chromatography)

✘ 2. प्रतिदीप्ति सूक्ष्मदर्शिकी (Fluorescent Microscopy)

✔ 3. ऐगेरोस जेल वैद्युतकण संचलन (Agarose Gel Electrophoresis)

✘ 4. जेल निस्यंदन वर्णलेखन (Gel Filtration Chromatography)

**Q.11** **प्लाज्मा, रक्त की कुल मात्रा का कितने प्रतिशत होता है?**

**Ans**

✘ 1. 75%

✔ 2. 55%

✘ 3. 20%

✘ 4. 35%

**Q.12** **BLAST एक एलाइनमेंट टूल (alignment tool) है। BLAST का पूर्ण रूप क्या है?**

**Ans**

✔ 1. Basic Local Alignment Search Tool (बेसिक लोकल एलाइनमेंट सर्च टूल)

✘ 2. Basic Local And Search Tool (बेसिक लोकल एंड सर्च टूल)

✘ 3. Basic Large Alignment Search Tutorial (बेसिक लार्ज एलाइनमेंट सर्च ट्यूटोरियल)

✘ 4. Basic Large Alignment Search Tool (बेसिक लार्ज एलाइनमेंट सर्च टूल)

---

**Q.13** **नेबर-जॉइनिंग विधि (neighbor-joining method) के संबंध में, कौन-सा कथन गलत है?**

**Ans**

✔ 1. एमओ डेहॉफ (MO Dayhoff) ने 1978 में जातिवृत्तीय वृक्ष के पुनर्निर्माण के लिए नेबर-जॉइनिंग विधि (neighbor-joining method) का प्रस्ताव रखा था।

✘ 2. नेबर-जॉइनिंग विधि (neighbor-joining method) से जड़ रहित वृक्ष उत्पन्न होते हैं और विचाराधीन वंश क्रमों के मध्य विकास की भिन्न दर की कल्पना कर ली जाती है।

✘ 3. नेबर-जॉइनिंग विधि (neighbor-joining method), अंतिम वृक्ष की सही वृक्ष सांस्थितिकी और शाखा-लंबाई प्राप्त करने के लिए, विकासात्मक दूरी डेटा पर लागू होती है।

✘ 4. नेबर-जॉइनिंग विधि (neighbor-joining method) एक तारावत् सांस्थितिकी से शुरू होती है, यह मानते हुए कि परिचालन वर्गिकी इकाइयों (OTU या नेबर) का कोई समूहन नहीं है।

---

**Q.14** **रक्त के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?**

**Ans**

✘ 1. रक्त विशिष्ट शारीरिक तरल है जो चार मुख्य घटकों - प्लाज्मा, लाल रक्त कोशिकाओं, श्वेत रक्त कोशिकाओं, प्लेटलेट्स से बना होता है ।

✔ 2. WBC केंद्रक रहित कोशिकाएं होती हैं और संक्रमण से लड़ने के लिए प्रतिजनों के उत्पादन में सहायता करती हैं।

✘ 3. प्लाज्मा में अधिकांशतः जल होता है, लेकिन इसमें प्रोटीन, शर्करा और वसा कण भी होते हैं।

✘ 4. लाल रक्त कोशिकाएं फेफड़ों से ऑक्सीजन को शरीर के ऊतकों तक ले जाती हैं, एवं ऊतकों से कार्बन डाइऑक्साइड को फेफड़ों तक वापस ले जाती हैं।

---

**Q.15** **रोगजनकों के परीक्षण हेतु निम्नलिखित में से कौन-सी विधि उपयुक्त नहीं है?**

**Ans**

✘ 1. लेटरल फ्लो शीट पर प्रतिरक्षा आमापन (Immunoassay on Lateral Flow Sheets)

✘ 2. सिम प्लेट पर एंजाइम तकनीक (Enzyme technology on Sim Plate)

✔ 3. आकार अपवर्जन क्रोमैटोग्राफिक विधि (Size exclusion chromatographic method)

✘ 4. संवर्धन माध्यम के साथ पारंपरिक विधि (Conventional method with culture media)

---

**Q.16** **वैश्विक अनुक्रम संरेखण (global sequence alignment) के लिए कौन-सा एल्गोरिदम सबसे व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है?**

**Ans**

✘ 1. फास्टा (FASTA)

✘ 2. स्मिथ-वाटरमैन (Smith-Waterman)

✔ 3. नीडलमैन-वुन्श (Needleman-Wunsch)

✘ 4. ब्लास्ट (BLAST)

---

**Q.17** **ANOVA में, एफ-परीक्षण (F-test) प्रतिदर्शज को किस रूप में परिभाषित किया जाता है?**

**Ans**

✘ 1. माध्य प्रसरण / माध्यिका प्रसरण

✔ 2. समूह के मध्य प्रसरण / समूह के भीतर प्रसरण

✘ 3. समूह के भीतर प्रसरण / समूह के मध्य प्रसरण

✘ 4. कुल प्रसरण / अवशिष्ट प्रसरण

---

**Q.18** **स्पेक्ट्रोस्कोपी (spectroscopy) तकनीक के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?**

**Ans**

✘ 1. इसका उपयोग विद्युत चुम्बकीय विकिरण की पदार्थ के साथ अन्योन्यक्रिया के अध्ययन के लिए किया जाता है।

✔ 2. इसका उपयोग आंतर-आण्विक आबंध के अध्ययन के लिए किया जाता है।

✘ 3. इसका उपयोग पदार्थों से उत्सर्जित या उनके द्वारा अवशोषित स्पेक्ट्रम के माध्यम से उनकी पहचान के लिए किया जाता है।

✘ 4. इसका उपयोग रंगीन यौगिकों की सांद्रता के आकलन के लिए किया जाता है।

---

**Q.19** **स्विस-प्रोट (SWISS-PROT) किसके लिए जाना जाता है?**

**Ans**

✘ 1. व्यापक न्यूक्लियोटाइड अनुक्रम प्रदान करने के लिए

✘ 2. जातिवृत्तीय वृक्षों का संग्रह करने के लिए

✔ 3. उच्च परिशुद्धता के साथ प्रोटीन अनुक्रमों की व्याख्या करने के लिए

✘ 4. जीन अभिव्यक्ति डेटा संग्रहीत करने के लिए

---

**Q.20** **किस रक्त समूह को सार्व दाता के रूप में मान्यता प्राप्त है?**

**Ans**

✘ 1. A+

✘ 2. AB+

✘ 3. B+

✔ 4. O-

Section : **Teaching Methodology**

**Q.1** **विश्वसनीयता से क्या तात्पर्य है?**

**Ans**
- ✗ 1. पूरा होने में लगने वाला समय
- ✗ 2. कठिनता का स्तर
- ✓ 3. पुनरावर्तनीयता और संगतता
- ✗ 4. शिक्षक की प्रतिपुष्टि

**Q.2** **निम्न में से कौन-सा, कला का एक प्रकार नहीं है?**

**Ans**
- ✓ 1. तार्किक विवेचन
- ✗ 2. संगीत
- ✗ 3. नृत्य
- ✗ 4. सर्जनात्मक लेखन

**Q.3** **निम्नलिखित में से कौन-सा गुण, अनेक संस्कृतियों में महिलाओं से सामाजिक रूप से अपेक्षित है?**

**Ans**
- ✗ 1. शारीरिक बल और निर्णयक्षमता
- ✗ 2. आक्रामकता और महत्वाकांक्षा
- ✗ 3. प्राधिकारिता और नियंत्रण
- ✓ 4. पोषण, देखभाल और उत्साह

**Q.4** **एक शिक्षक एक वर्कशीट के तीन संस्करण : बुनियादी पुन: स्मरण, अनुप्रयोग-आधारित और समीक्षात्मक चिंतन विकसित करता है। यह उपागम _____का एक उदाहरण है।**

**Ans**
- ✓ 1. विभेदीकृत अनुदेशन (differentiated instruction)
- ✗ 2. समयबद्ध अध्यापन (time-bound teaching)
- ✗ 3. एकरूप अनुदेशन (uniform instruction)
- ✗ 4. मानकीकृत परीक्षण (standardised testing)

**Q.5** **अधिगम में ढांचे (Scaffolding) का क्या अर्थ है?**

**Ans**
- ✗ 1. एक स्थायी सहायक संरचना
- ✗ 2. कार्य से सभी कठिनताओं को दूर करना
- ✗ 3. सभी विद्यार्थियों का एक ही प्रकार से अध्यापन
- ✓ 4. निर्देशित सहायता प्रदान करना जो छात्रों द्वारा कौशल प्राप्त करने के साथ-साथ धीरे-धीरे कम हो जाती है

**Q.6** **पाठ्यचर्या निर्माण का कौन-सा सिद्धांत यह सुझाव देता है कि विषय-वस्तु को तार्किक और मनोवैज्ञानिक दृष्टि से व्यवस्थित किया जाना चाहिए?**

**Ans**
- ✗ 1. सामाजिक उपयोगिता का सिद्धांत
- ✗ 2. समय आबंटन का सिद्धांत
- ✗ 3. संरक्षण का सिद्धांत
- ✓ 4. एकीकरण और सहसंबंध का सिद्धांत

**Q.7** **_____ सिद्धांतवादियों के अनुसार अध्यापन, अधिगम में समझ या अंतर्दृष्टि विकसित करने की एक प्रक्रिया है।**

**Ans**
- ✓ 1. रचनावादी (constructivist)
- ✗ 2. मानवतावादी (humanistic)
- ✗ 3. व्यवहारवादी (behaviourist)
- ✗ 4. संज्ञानात्मक (cognitive)

**Q.8** **निम्नलिखित में से कौन-सा, वृद्धि और विकास को प्रभावित करने वाले कारकों का भाग नहीं है?**

**Ans**
- ✓ 1. जाति (Caste)
- ✗ 2. आनुवंशिकी (Genetics)
- ✗ 3. संस्कृति (Culture)
- ✗ 4. पोषण (Nutrition)

**Q.9** **स्कूल विषय क्या है?**

**Ans**
- ✗ 1. शिक्षण-अधिगम रणनीति
- ✗ 2. विश्वविद्यालय स्तर पर एक अनुशासन
- ✗ 3. अध्यापन की एक विधि
- ✓ 4. स्कूल पाठ्यचर्या के अंतर्गत अधिगम का एक क्षेत्र

**Q.10** निम्नलिखित में से कौन-से कथन, लैंगिक भूमिकाओं की प्रकृति को सर्वोत्तम रूप से निरूपित करते हैं?

**Ans**
- ✗ 1. केवल शैक्षिक योग्यताओं द्वारा निर्धारित
- ✗ 2. जैविक और संस्कृतियों में समान
- ✗ 3. स्थायी और स्वाभाविक
- ✓ 4. सामाजिक रूप से निर्मित और संस्कृतियों में भिन्न

**Q.11** आकलन के संदर्भ में किसे परिशुद्धता के समकक्ष माना जाता है?

**Ans**
- ✗ 1. सामान्य कथन (Generality)
- ✗ 2. प्रासंगिकता (Relevance)
- ✓ 3. मान्यता (Validity)
- ✗ 4. विश्वसनीयता (Reliability)

**Q.12** ऊँचाई और वज़न के पदों में क्या मापा जाता है?

**Ans**
- ✗ 1. विकास
- ✓ 2. वृद्धि
- ✗ 3. बुद्धि
- ✗ 4. पोषणज स्तर

**Q.13** निम्नलिखित में से किस कार्यक्रम का उद्देश्य 'प्रारंभिक शिक्षा का सार्विकीकरण' प्राप्त करना है?

**Ans**
- ✗ 1. अशक्त के लिए एकीकृत शिक्षा परियोजना
- ✗ 2. जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम
- ✓ 3. सर्व शिक्षा अभियान
- ✗ 4. अशक्त बच्चों के लिए एकीकृत शिक्षा

**Q.14** निम्नलिखित में से कौन-सा, माइकल हैलीडे के रजिस्टर विचरण (register variation) के आयामों में से एक नहीं है?

**Ans**
- ✗ 1. फील्ड (Field)
- ✗ 2. टेनर (Tenor)
- ✗ 3. मोड (Mode)
- ✓ 4. रीजन (Region)

**Q.15** कौन-सा उपागम, व्यवहार के निर्धारण में आनुवंशिकता की तुलना में परिवेश को अधिक महत्वपूर्ण मानता है?

**Ans**
- ✗ 1. रचनावादी (Constructivist)
- ✓ 2. व्यवहारवादी (Behaviourist)
- ✗ 3. संज्ञानात्मक (Cognitive)
- ✗ 4. मानवतावादी (Humanistic)

**Q.16** अधिगम का कौन-सा उपागम, अधिगम को उद्दीपन और अनुक्रिया के बीच संबंध के रूप में वर्णित करता है?

**Ans**
- ✗ 1. रचनावादी (Constructivist)
- ✗ 2. संज्ञानात्मक (Cognitive)
- ✓ 3. व्यवहारवादी (Behaviorist)
- ✗ 4. मानवतावादी परिप्रेक्ष्य (Humanistic perspective)

**Q.17** किस उपागम में अधिगमकर्ता की धारणाओं का विभेदन, सामान्यीकरण और पुनर्गठन के माध्यम से प्रत्यक्षण किया जाता है?

**Ans**
- ✗ 1. मानवतावादी (Humanistic)
- ✗ 2. व्यवहारवादी (Behaviourist)
- ✗ 3. रचनावादी (Constructivist)
- ✓ 4. संज्ञानात्मक (Cognitive)

**Q.18** दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 में कितनी अशक्तताओं को मान्यता दी गई है?

**Ans**
- ✗ 1. 22
- ✗ 2. 25
- ✗ 3. 26
- ✓ 4. 21

**Q.19** पाठ्यचर्या निर्माण में नागरिक और सामाजिक आवश्यकताओं का सिद्धांत किस पर बल देता है?

**Ans**

✗ 1. समकक्षियों के बीच प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना

✓ 2. व्यक्ति और समाज दोनों का विकास

✗ 3. विद्यार्थियों को विदेशी रोज़गार के लिए तैयार करना

✗ 4. केवल राष्ट्रीय इतिहास अध्यापन

**Q.20** अनुशासन शब्द _____शब्द "डिसिपुलस (dicipulus)" से लिया गया है।

**Ans**

✗ 1. हिब्रू (Hebrew)

✓ 2. लैटिन (Latin)

✗ 3. ग्रीक (Greek)

✗ 4. स्पेनिश (Spanish)

# DSSSB Exam July 2025

| | |
|---|---|
| Test Date | 24/07/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 12:00 PM |
| Subject | PGT Biology |

Section : **Mental Ability and Reasoning Ability**

**Q.1** **Based on the English alphabetical order, three of the following four letter-cluster pairs are alike in a certain way and thus form a group. Which letter-cluster pair DOES NOT belong to that group?**
**(Note: The odd one out is not based on the number of consonants/vowels or their position in the letter-cluster.)**

**Ans**
- ✗ 1. EI-KF
- ✗ 2. OS-UP
- ✗ 3. HL-NI
- ✓ 4. KO-QK

**Q.2** **A certain number of people are sitting in a row, facing north. P sits to the immediate right of Q. R sits third to the left of S. Only three people sit between P and T. Q sits somewhere to the left of T. S sits somewhere between P and T. If no other person is sitting in the row, what is the total number of people seated?**

**Ans**
- ✗ 1. 6
- ✗ 2. 10
- ✓ 3. 7
- ✗ 4. 9

**Q.3** **Read the given statements and conclusions carefully. Assuming that the information given in the statements is true, even if it appears to be at variance with commonly known facts, decide which of the given conclusions logically follow(s) from the statement(s).**

**Statements: All trucks are buses. All buses are cars. All cars are jets.**

**Conclusion (I): All trucks are cars.**
**Conclusion (II): All buses are jets.**

**Ans**
- ✗ 1. Neither conclusion I nor II follows.
- ✓ 2. Both conclusions I and II follow.
- ✗ 3. Only conclusion I follows.
- ✗ 4. Only conclusion II follows.

**Q.4** **What will come in place of the question mark (?) in the following equation if '–' and '÷' are interchanged and '+' and '×' are interchanged?**

**6 × 2 ÷ 3 × 45 − 9 × 4 = ?**

**Ans**
- ✗ 1. 25
- ✗ 2. 17
- ✗ 3. 20
- ✓ 4. 14

**Q.5** **In the following series, only one letter-cluster is incorrect. Select the INCORRECT letter-cluster.**

**HEB JGD LIF NKG PMJ ROL**

**Ans**
- ✓ 1. NKG
- ✗ 2. HEB
- ✗ 3. LIF
- ✗ 4. JGD

**Q.6** What should come in place of the question mark (?) in the following series?

36, 68, 100, 132, 164, ?

**Ans**
- ✗ 1. 188
- ✗ 2. 190
- ✗ 3. 212
- ✓ 4. 196

**Q.7** Eight people are sitting in two parallel rows containing 4 people each in such a way that there is equal distance between adjacent persons.
In row 1, D, E, A and L are seated and all of them are facing south.
In row 2, I, K, O and N are seated and all of them are facing north.

Thus, each person faces another person from the other row. A sits third to the right of E. I sits third to the left of N. The one facing L is an immediate neighbour of N. D sits at some place to the right of L and is not facing K. Which of the following represents both people sitting at extreme ends of the line?

**Ans**
- ✗ 1. I and L
- ✗ 2. E and O
- ✗ 3. A and K
- ✓ 4. A and N

**Q.8** If 'P' stands for '÷', 'Q' stands for '×', 'A' stands for '+' and 'D' stands for '−', then what will come in place of the question mark (?) in the following equation?

92 D 682 P 22 A 7 Q 14 = ?

**Ans**
- ✗ 1. 136
- ✗ 2. 104
- ✓ 3. 159
- ✗ 4. 92

**Q.9** Based on the English alphabetical order, three of the following four letter-clusters are alike in a certain way and thus form a group. Which letter-cluster DOES NOT belong to that group?
(Note: The odd one out is not based on the number of consonants/vowels or their position in the letter-cluster.)

**Ans**
- ✗ 1. WYA
- ✗ 2. BDF
- ✓ 3. QUS
- ✗ 4. VXZ

**Q.10** This question is based on the following words.

(Left) PLY SHA THE VET (Right)

